दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 अंक : 324 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 19 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## एसीबी ने बी.सी.एम. एच. ओ. को 50000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**।प्रदेश में चित्तौड़गढ़ एसीबी की टीम की ओर से रेवदर बी.सी.एम. एच. ओ.को 50000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त लॉन्ग मोहम्मद के विभिन्न ठिकानों पर भी जांच पड़ताल कर रही है और लॉन्ग मोहम्मद के सरकारी ऑफिस के रिकॉर्ड की भी जांच पड़ताल की जा रही है एसीबी को संदेह है कि मोहम्मद बिना पैसा लिए दिए कोई भी कार्य नहीं करता था इसलिए उसकी ओर से हाल ही में निपटाई गई विभिन्न तरह की पत्रावलियों दस्तावेजों इत्यादि की भी जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त लॉन्ग मोहम्मद ने होम्योपैथिक क्लीनिक का संचालन करने वाले व्यक्ति पर दबाव बनाकर उससे रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत क्लीनिक के संचालन करने वाले व्यक्ति ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय की ओर से एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय की ओर से परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया गया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीबी ने आरोपी लॉन्ग मोहम्मद को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को जैसे ही परिवादी ने लांग मोहम्मद को रिश्वत के 50000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ मोहम्मद को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया ।

# पर्यावरण संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी इसकी शुरुआत परिवार से होती है : सीएम शर्मा

## हरियालो राजस्थान पर्यावरण कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने की शिरकत, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल मुख्य सचिव श्रीनिवास भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को होटल मेरियट में आयोजित हरियालो राजस्थान पर्यावरण कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सहभागिता की इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान की हरित अर्थव्यवस्था पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया तथा मेरी लाइफ सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट विषय पोस्ट का भी विमोचन किया द्य इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण सतत विकास और हरित नीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल मुख्य सचिव श्रीनिवास सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने सतत विकास की दिशा में सामूहिक प्रयास पर जोर दिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज का यह कॉन्क्लेव एक अत्यंत महत्वपूर्ण




विषय पर केंद्रित है प्रकृति प्रेमी समाज को इस गंभीरता से विचार करना होगा कि हम भविष्य में प्रकृति को कैसे सुरक्षित रखें मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसकी शुरुआत परिवार से होती है हमारे लिए प्रकृति माता के समान पूज्य है उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सदैव पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी वृक्ष और नदिया हमारे जीवन दायिनी है वर्षों में तो ईश्वर का वास माना गया है जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्तमान हालातो में विकास और पर्यावरण को अलग-अलग नहीं रखा जा सकता दोनों का संतुलन ही सतत भविष्य की कुंजी है मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इस फाइलों तक सीमित न रखकर जन सहभागिता का आंदोलन बनाना होगा कर्मभूमि के साथ मातृभूमि के प्रति भी हमारा दायित्व है इतिहास गवाह है कि भविष्य के संघर्ष जल के लिए हो सकते हैं इसलिए पानी का महत्व समझाना और उसे बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने वन संरक्षण और जल संरक्षण के लिए पिछले 2 साल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं और कई बड़े निर्णय लिए हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर साल 10 करोड़ नए पौधे लगाने का संकल्प लिया जिसे हम पूरा कर रहे हैं और 2 साल में 20 करोड़ से ज्यादा हमने पौधे लगाए हैं और पूरे 5 साल में 50 करोड़ पौधे लगाएंगे उन्होंने कहा कि वन है तो जीवन है पेड़ों में देवताओं का वास है इसीलिए प्राचीन काल में ऋषि मुनि अपने आश्रम में भांति भांति के पेड़ लगाया करते थे और उनकी पूजा किया करते थे हमारे पूर्वज भी अलग-अलग पेड़ों की अलग-अलग महिमा बताकर उनकी पूजा करते आए हैं और आज हम भी इनकी पूजा करते हैं इसलिए पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग है पेड़ को हम अपने जीवन से अलग नहीं कर सकते पेड़ हैं तो पर्यावरण है और पर्यावरण है तो हमारा जीवन है उन्होंने कहा कि पूर्व में राजस्थान में बरसात नहीं होने की बड़ी वजह यही थी कि पेड़ों को लेकर यहां ज्यादा कार्य नहीं किया गया जिसकी वजह से मानसून हमेशा राजस्थान से रूठा रहा लेकिन हमारी सरकार जंगलों को बचाने और नए पेड़ लगाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है इसी का नतीजा है कि पिछले 2 साल से इंद्र भगवान भी प्रदेश पर मेहरबान है और प्रदेश के हर जिले में अच्छी बरसात हुई है उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसे प्रदेश के लिए पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण करना बहुत जरूरी है हालांकि सरकार ने हर स्तर पर जल संरक्षण के लिए व्यापक कार्य किए हैं लेकिन वन संरक्षण और जल संरक्षण जन सहभागिता के माध्यम से ही ठीक तरह से संपादित हो सकता है और इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसे प्रदेश में जहां पानी की हमेशा कमी रही है यहां पर जल संरक्षण और वनों के संरक्षण में स्वयंसेवी संगठनों सामाजिक संगठनों और जो संगठन इस दिशा में कार्य कर रहे हैं उन्हें और गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है मुख्यमंत्री शर्मा ने खुशी जताई कि पिछले 2 साल में वृक्षारोपण को लेकर प्रदेश की जनता ने और हमारी सरकार दोनों ने मिलकर काफी अच्छा कार्य किया

## इंडियन रेलवे का कमाल

### रेलवे ने 80 प्रतिशत समयपालनता हासिल की, 22 डिवीजन 90 प्रतिशत से आगे



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में इंडियन रेलवे एक तरफ जहां रेलवे के प्रशासनिक और तकनीकी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ रेलवे की यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं में भी लगातार इजाफा किया जा रहा है जिसकी वजह से एक तरफ रेलवे में सफर करने वाले यात्री गंतव्य स्थान पर निर्धारित समय पर सुरक्षित पहुंच रहे हैं तो दूसरी तरफ रेलवे के स्टाफ के कार्य क्षमता में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है अश्वनी वैष्णव वैष्णव के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में रेलवे रोजाना नए-नए नवाचारों के साथ इंडियन रेलवे को चमकाने में लगा हुआ है इसी क्रम में भारतीय रेलवे परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्रियों के लिए समय पर सेवाएं सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। 8-14 दिसंबर तक देश भर में ट्रेनों की कुल समयपालनता 80 प्रतिशत रही जो शेड्यूल बनाए रखने के लिए रेलवे डिवीजनों के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। सभी डिवीजनों में से 37 डिवीजनों ने 80 प्रतिशत से अधिक समयपालनता हासिल की जबकि 22 डिवीजनों ने 90 प्रतिशत से ऊपर समयपालनता दर्ज की और 10 डिवीजनों ने 95 प्रतिशत अंक को पार कर लिया। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले मंडलों में रतलाम पश्चिम रेलवे ने उल्लेखनीय 98.5 प्रतिशत समयपालनता दर्ज की इसके बाद तिरुचिरापल्ली दक्षिणी रेलवे 97.5 प्रतिशत और मदुरै दक्षिणी रेलवे 96.7 प्रतिशतदर्ज की गई बढ़ी हुई दक्षता के परिणामस्वरूप ट्रेन संचालन सुचारू हुआ है जिससे यात्रियों और माल ढुलाई सेवाओं दोनों को लाभ हुआ है।

# कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर की भागवत कथा सुनने पहुंचे भजन लाल शर्मा

## मानसरोवर में वीटी रोड पर आयोजित भागवत कथा में देवकीनंदन ठाकुर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के धार्मिक होने पर की थी खूब प्रशंसा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। जयपुर के मानसरोवर में वीटी रोड पर मशहूर कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर की भागवत कथा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं ठाकुर की कथा सुनने के लिए जयपुर ही नहीं बल्कि जयपुर से बाहर से भी बड़ी संख्या में लोग यहां आए हुए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी गुरुवार की शाम भागवत कथा सुनने के यहां आए हुए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी गुरुवार की शाम भागवत कथा सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां पर भागवत कथा का आयोजन करने वाले विशिष्ट जनों ने मुख्यमंत्री शर्मा का जोरदार स्वागत किया इस मौके पर कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर से मुख्यमंत्री शर्मा ने आशीर्वाद लिया और ठाकुर ने भी मुख्यमंत्री शर्मा को माला पहनाई । उल्लेखनीय है कि इस कथा के कार्यक्रम के दौरान ही देवकीनंदन ठाकुर ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खूब तारीफ की थी और कहा था कि गिरिराज जी महाराज की कृपा से भजनलाल शर्मा प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं मुख्यमंत्री शर्मा काफी धार्मिक प्रवृत्ति के हैं और गिरिराज जी महाराज के अनन्य भक्त हैं इसलिए जिन पर गिरिराज जी महाराज की



मेहरबानी हो वहां की प्रजा का कल्याण होना भी स्वाभाविक है उन्होंने कहा कि अगर राजा धार्मिक प्रवृत्ति का सच्चा और ईमानदार सेवक होता है तो वहां की प्रजा भी काफी खुशहाल होती है और ठीक वैसे ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा है जो काफी धार्मिक प्रवृत्ति के हैं और जिनके मन में हमेशा दया भाव रहता है जो गाय की सेवा करते हैं दीन दुखियों की सेवा करते हैं और जिन पर गिरिराज जी महाराज की इतनी बड़ी कृपा हुई है तो निश्चित रूप से राजस्थान के लोगों का कल्याण भी तय देवकीनंदन ठाकुर ने भजनलाल शर्मा की तारीफ करते हुए यह भी कहा था कि हमारे ब्रज में तो बस आजकल यही चर्चा होती रहती है कि गिरिराज जी महाराज के आशीर्वाद से भजनलाल जी शर्मा राजस्थान के मुख्यमंत्री बने हैं ठाकुर ने आगे यह भी कहा था कि जिस प्रदेश का राजा दुष्ट होता है तो प्रजा को काफी कष्ट होता है लेकिन राजस्थान की जनता का यह सौभाग्य है कि उनका राजा गिरिराज जी महाराज का भक्त है और धार्मिक प्रवृत्ति के संस्कारिक व्यक्ति हैं तो फिर राजस्थान का कल्याण भी सुनिश्चित है और राजस्थान के लोगों का जीवन भी खुशहाल होना सुनिश्चित है । इसमें कोई संशय नहीं मुख्यमंत्री शर्मा काफी धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान है ही मुख्यमंत्री नहीं थे तब भी काफी धार्मिक थे और नियमित रूप से गिरिराज जी महाराज के दर्शन करने जाया करते थे इसके अलावा उनकी दिनचर्या पूजा पाठ से ही शुरू होती है इनका पूरा परिवार ही धार्मिक संस्कारिक परिवार माना जाता है जहां पूजा पाठ गौ सेवा यह दिनचर्या का हिस्सा है इसीलिए मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मुख्यमंत्री शर्मा हमेशा धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं चाहे कितनी ही व्यस्त क्यों ना हो धार्मिक कार्यक्रमों सत्संग कथा भजन इत्यादि जगहों पर जरूर पहुंचते हैं इसीलिए गुरुवार की सायं काल मानसरोवर में देवकीनंदन ठाकुर की कथा सुनने पहुंचे ।

## अश्विनी वैष्णव ने रेल यात्रियों को दी सौगात, क्रिसमस और नए साल के लिए 244 नए रूट बनाए

### क्रिसमस और नए साल के मध्य नजर भारी भीड़ से निपटने के लिए भारतीय रेलवे ने विशेष ट्रेनें

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** केंद्र की मोदी सरकार देशवासियों की हर सुविधा का ध्यान रखती है इसीलिए आने वाले दिनों में क्रिसमस और नए साल का जश्न लोग अपने चाहते पर्यटन स्थलों और अपने चाहते धार्मिक स्थलों पर खुशी-खुशी मना सके इसके लिए रेलवे ने 244 नए रूट निर्धारित किए हैं इसके अलावा आने वाले दिनों में और भी नए रूट निर्धारित किए जा सकते हैं रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव इंडियन रेलवे को नया लुक देने और रेलवे के यात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रखने में काफी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं इसी का परिणाम है कि रेलवे में रोजाना नए-नए नवाचार और नए-नए निर्णय लिए जा रहे हैं जिसकी वजह से इंडियन रेलवे की लोकप्रियता भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है यहां आने वाले विदेशी पर्यटक भी इंडियन रेलवे के नए लुक को देखकर काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं इसलिए विदेश से भी बड़ी संख्या में पर्यटक भारत में नया साल का जश्न मनाने के लिए और क्रिसमस मनाने के लिए आते हैं इसी बात को ध्यान में रखते थे रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पूरे देश भर में नए रूट निर्धारित किए हैं जानकारी



के अनुसार 2025-26 के क्रिसमस और नव वर्ष के दौरान भारतीय रेलवे ने यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए आठ ज़ोन में विशेष ट्रेनों का व्यापक संचालन करने की योजना बनाई है। अब तक कुल 244 ट्रिप की घोषणा की जा चुकी है। आने वाले दिनों में और ट्रिप की घोषणा की जाएगी। क्रिसमस और त्योहारों के मध्य नजर भारतीय रेलवे ने जो नए रूट सुनिश्चित किए हैं उसके अनुसार मध्य रेलवे में 76 उत्तरी रेलवे में 08 पश्चिम मध्य रेलवे में 26 दक्षिणी पूर्वी रेलवे में 24 दक्षिणी पश्चिमी रेलवे में 28 उत्तर पश्चिम रेलवे में 06 पश्चिम रेलवे में 72 पूर्वोत्तर सीमांतर रेलवे में 04 नए रूट सुनिश्चित किए हैं इस तरह से टोटल 244 नए रूट रेलवे ने निर्धारित किए हैं मुंबई-गोवा कोंकण कॉरिडोर पर मुंबई सीएसएमटी एलटीटी और करमालीमडगांव के बीच दैनिक और साप्ताहिक विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं जो रास्ते में पड़ने वाले प्रमुख पड़ावों को कवर करती हैं और अतिरिक्त सीटें और स्लीपर विकल्प उपलब्ध कराती हैं।

## भारत-ओमान व्यापार समझौता: खाड़ी क्षेत्र में भारतीय उत्पादों के लिए खुला रास्ता

**नई दिल्ली(एंजेसी)**। भारत और ओमान ने अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है। व्यापारिक नजरिये से देखें तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा। इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के 99.38' निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। ओमान ने अपनी 98.08' टैरिफ लाइनों पर जीरो-ड्यूटी की पेशकश की है।

# प्रदेश में सौर ऊर्जा और बैट्री स्टोरेज की नवीन संभावनाएं तलाशी जाएं: भजनलाल शर्मा

## विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा पिछले दो सालों में लिए गए निर्णय से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हुई है साथ ही किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रवि सीजन में किसानों को पर्याप्त और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विद्युत आपूर्ति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे उन्होंने राज्य में विद्युत आपूर्ति में आ रही



समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिम्मेदार कार्मिकों और अधिकारियों की फील्ड विजिट में वृद्धि के लिए निर्देश दिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में बिजली की मांग के अनुरूप विद्युत उत्पादन का संतुलन बनाने की स्थाई कार्य योजना तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत करवाई जाए मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि एवं वितरण तंत्र को मजबूत बनाने के लिए योजना के अनुरूप कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया उन्होंने ऊर्जा विभाग को प्रदेश में बैट्री स्टोरेज के साथ ही सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए नवीन क्षेत्र में संभावनाएं तलाश करने को भी कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली परियोजना के संचालन में प्रगति लाने के लिए भी निर्देशित किया बैठक में ऊर्जा विभाग की ओर से प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की जानकारी दी गई इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर मुख्य सचिव श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय एवं ऊर्जा विभाग के बड़े अधिकारी मौजूद रहे।

### पिछले 2 साल में ऊर्जा के क्षेत्र में भजनलाल सरकार ने किया उल्लेखनीय कार्य

जानकार लोगों का कहना है कि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार की ओर से ऊर्जा के क्षेत्र में लिए गए निर्णय नवाचारों और प्रयोग से बिजली उत्पादन में तेजी से बढ़ोतरी हुई है तथा सौर ऊर्जा के उत्पादन में राजस्थान पूरे देश में सबसे आगे है जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है मुख्यमंत्री शर्मा पानी और बिजली इन दोनों क्षेत्रों को लेकर शुरू से ही काफी गंभीर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने पहले कार्यकाल में प्रदेश में पेयजल और किसानों को खेत में समुचित पानी मिले इसके लिए उन्होंने कई बड़े निर्णय लिए जिसमें ईस्टर्न कैनल योजना के क्रियान्वयन के लिए पिछले 2 साल में जो तेज गति से कार्य हो रहा है वह मुख्यमंत्री शर्मा की इस योजना के प्रति गंभीरता और सक्रियता को दिखता है इसी तरह से शेखावाटी क्षेत्र के लोगों के लिए हरियाणा से यमुना जल समझौता करना इसी तरह से प्रदेश के उन जिलों में जहां नहर से सिंचाई होती है वहां पर नहर के समुचित रखरखाव मरम्मत इत्यादि के लिए सरकार ने भारी मात्रा में बजट अलॉट किया है जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं पानी के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य किया जिसमें प्रदेश के पश्चिमी रेगिस्तान के जिलों में सूर्य से ऊर्जा तैयार करने की दिशा में सरकार ने कई तरह के बड़े निर्णय लिए इस कार्य में किसानों को भी शामिल किया ताकि किसान सौर ऊर्जा का उत्पादन करके अपनी इनकम को बढ़ा सके जिसमें कई किसानों ने सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है सौर ऊर्जा उत्पादन में लगातार हो रही वृद्धि से मुख्यमंत्री शर्मा भी काफी खुश हैं और उन्होंने साफ कहा है कि 2027 तक प्रदेश के सभी किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवा दी जाएगी क्योंकि तब तक राजस्थान बिजली का निर्यात करने वाला स्टेट बन जाएगा इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र को लेकर भजनलाल सरकार की सक्रियता से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में बिजली के क्षेत्र में राजस्थान देश में अग्रणी रहेगा।

### आने वाले दिनों में प्रदेश में बड़ी संख्या में उद्योग होंगे स्थापित बिजली की डिमांड बढ़ेगी तेजी से

जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दूरदर्शी राजनेता है वह जानते हैं कि जिस तरह से राइजिंग राजस्थान के समझौते धरातल पर तेजी से आ रहे हैं और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के तहत प्रवासी राजस्थानियों ने भी राजस्थान में इन्वेस्ट करने के लिए बेहद रूचि दिखाई है इसके बाद यह तय है कि आने वाले दिनों में राजस्थान में चारों तरफ कई बड़े उद्योग स्थापित होंगे ऐसे में बिजली की डिमांड बढ़ना स्वाभाविक है इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा लगातार ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों और बिजली विभाग की कंपनियों के साथ लगातार मीटिंग आयोजित करके उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे सकते हैं क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा ने देश और विदेश के सभी इन्वेस्टरों को यह भरोसा दिलाया है कि उन्हें यहां पानी बिजली और अन्य किसी भी तरह की कोई समस्या सामने नहीं आने दी जाएगी ।

## मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मोबाइल रिपेयरिंग का 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक बाबूलाल पालरिया, संस्था निदेशक जे पी मीणा रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थीयो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में मोबाइल हर किसी की जरूरत बन गया है और इस क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। और उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को वितीय आवश्यकता होती है तो पीएनबी बैंक आपके साथ रहेगा। आरसेटी निदेशक जे पी मीणा ने प्रशिक्षणार्थीयो को आत्मनिर्भर बनाने व रोजगार से जोड़ने के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी द्व संकाय सदस्य जयप्रकाश सिंघल ने बताया कि अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए हमारी संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है हमे बड़ी खुशी है की हमारी संस्था तकनीकी युग को देखते हुए मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कराने जा रही है। इस दौरान समस्त आरसेटी स्टाफ भी मौजूद रहे।

## सडक सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चालकों की नेत्र जाचं व प्रवर्तन कार्रवाई जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा 25 दिसम्बर तक राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत कार्यालय द्वारा मेटसौ अलवर के सौजन्य से 19 दिसम्बर तक ट्रक/बस चालक एवं बाल वाहिनी चालकों के नेत्रों की जांच एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मों के वितरण हेतु ट्रांसपोर्ट नगर अलवर में 3 दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रवीन्द्र जोशी ने बताया कि शिविर मे 126 वाहन चालकों के नेत्र जांच की जाकर निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि 18 दिसम्बर को शिविर में बाल वाहिनी चालकों व ट्रक/बस चालकों के बीच नेत्र जांच के लिए भारी उत्साह दिखाई दिया। साथ ही लगभग 100 से अधिक चालकों के नेत्र जांच की जाकर चालकों को निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। साथ ही कार्यालय उडनदस्तों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए आमजन में यातायात नियमों की समझाइश एवं नियमों का उल्लंघन पर वाहन चालकों के विरूद्व प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है।



## सड़क सुरक्षा को लेकर पीडब्ल्यूडी की पहल, जागरूकता रैली का आयोजन

### रेडियम टेप लगाकर व फूल भेंट कर दिया सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश



जयपुर टाइम्स

**किशनगढ़बास(निसं.)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश किराड के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश किराड ने बताया कि रैली के माध्यम से आमजन को सड़क यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 100 से अधिक वाहनों पर रेडियम टेप लगाए गए, जिससे रात्रि में वाहनों की दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। वहीं वाहन चालकों को फूल भेंट कर सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिशासी अभियंता आदेश यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत 800 से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। आदेश यादव ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन में सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक व्यवहार विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारी-कर्मचारी एवं वाहन चालक उपस्थित रहे।

## जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ (बीएमएस) की बैठक में 24 सूत्रीय माँग पत्र के लिए किया पोस्टर का किया विमोचन

**अलवर(निसं.)।** अलवर वृत्त के सहायक अभियंता ए-1 टाउनहॉल उपखण्ड में गुरुवार को जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ (बीएमएस) ज़िलाध्यक्ष विशाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे जयपुर डिस्कॉम प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, संरक्षक विकास शर्मा, संरक्षक मोरध्वज यादव, वृत्त महामंत्री धीरेंद्र सिंह, वृत्त कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा एवं कार्यसमिति सदस्य राहुल गुप्ता, रामप्रसाद जाटव उपस्थित रहे। JVVNL (बीएमएस)अलवर के जिला अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि बैठक में 26 दिसंबर को भारतीय मज़दूर संघ द्वारा प्रस्तावित हुंकार रैली के संबंध में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया एवं 24 सूत्रीय माँग पत्र के लिए पोस्टर का विमोचन किया। वहीं उपखण्ड की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया एवं सदस्यता अभियान के अंतर्गत नये सदस्यों को संगठन में जोड़ा गया। ये रही नवीन कार्यकारिणी : नवीन उपखण्ड कार्यसमिति में संरक्षक पद पर दिनेश शर्मा, उपखण्ड अध्यक्ष ललित मीना, महामंत्री अमित खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष प्रजापत, संगठन मंत्री जतिन यादव एवं महिला संयोजक रेखा सैनी को नियुक्त किया गया। बैठक म´ A-1 उपखंड से लक्ष्मीनारायण सैनी, पूनम, जितेन्द्र गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जिला कलक्टर ने यूआईटी व नगर निगम में आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविरों का किया निरीक्षण

### लाभार्थियों को पट्टे, योजनाओं के चैक एवं कपडे के थेले किए वितरित

### आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर योजनाओं से करावे लाभान्वित - जिला कलक्टर





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लगाए जा रहे शहरी समस्या समाधान शिविरों के अंतर्गत नगर निगम एवं नगर विकास न्यास में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन को सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर लाभार्थियों पट्टे वितरित किए। जिला कलक्टर ने नगर निगम एवं नगर विकास न्यास कार्यालय में आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविर का निरीक्षण करते हुए शिविर के दौरान आवेदित एवं लम्बित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने नगर विकास न्यास एवं यूआईटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, इसलिए प्रत्येक परिवादी को मौके पर ही अधिकतम लाभ प्रदान किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करे तथा पुराने प्रकरणों का भी निस्तारण यथाशीघ्र सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। उन्होंने आमजन से शिविर और न्यास द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का फीडबैक लिया। उन्होंने सभी अनुभागों को सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा की पेंडेंसी को समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे तथा मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर निगम कार्यालय में आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0, पीएम स्वनिधि एवं सीएम स्वनिधि के तहत लाभार्थियों को चैक वितरित किए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि अभियान के तहत दी जा रही छूटों से अधिकाधिक आमजन को लाभांवित करावे। इस दौरान मिशन लाइफ थीम के अंतर्गत 'प्लास्टिक को कहे ना' रैली का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कलक्टर तथा नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों एवं व्यापारिक संगठनों को संदेशयुक्त कपडे के थैलों का वितरण कर प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया।

### विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

जिला कलक्टर ने नगर विकास न्यास के प्रगतिरत विकास कार्यों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि फूड स्ट्रीट, साइकिल ट्रैक, बहरोड रोड पर निर्माणाधीन डिवाइडर के कार्य को समयबद्ध रूप में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने शहर में ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं पार्किंग की डीपीआर बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने शहरवासियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए 3 सामुदायिक भवनों में एसी एवं आंतरिक सज्जा का कार्य कराए जाने के निर्देश दिये। साथ ही समस्त सामुदायिक भवनों पर सौलर पैनल लगाए जाने का तकमीना बनाकर सौलर पैनल लगवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने शहर की रोड लाइट की समीक्षा कर निर्देश दिये कि खराब लाइटों को समयबद्ध रूप से दुरूस्त करावे। इस दौरान यूआईटी सचिव स्नेहल नाना धायगुडे, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वयर्म, भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, उप नगर नियोजक संध्या सैनी, अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान, कुमार संभव अवस्थी, आलोक नाग, वरिष्ठ लेखाधिकारी मनमोहन गुप्ता, सहायक नगर नियोजक हिमानी भार्गव सहित संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## भजनलाल सरकार आमजन के लिए समर्पित और संकल्पित सरकार है - यादव

जयपुर टाइम्स



**बहरोड(निसं.)।** राजस्थान में भजनलाल सरकार के 2 साल के स्वर्णिम कार्यकाल के अवसर पर पंचायत समिति बहरोड के ग्राम अनंतपुरा, कोहराना, महाराजावास, बिजोरावास में राजस्थान सरकार के विकास रथ का भव्य स्वागत भाजपा नेता डॉ मोहित यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस विकास रथ के माध्यम से राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजना तथा फ्लैगशिप योजनाओ की विस्तृत जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने कहा कि आज केंद्र की मोदी सरकार एवं राजस्थान की भजनलाल सरकार तथा सांसद भूपेंद्र यादव एवं विधायक डॉ जसवंत यादव तथा पंचायत समिति बहरोड प्रधान सरोज यादव के द्वारा क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, पेयजल, विद्युत एवं सफाई कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राम किशोर मीणा, तहसीलदार राजेंद्र मोहन मीणा, उप प्रधान अनुराधा प्रदीप यादव, मंडल अध्यक्ष प्रशांत यादव, रामनरेश यादव जिला पार्षद, हवा सिंह यादव, सरपंच मामन सिंह यादव, सरपंच सोताज सिंह, सुरेश भेडी,सरपंच यादव, पंचायत सिंह सदस्य देवदत यादव, पार्षद रोहतास मेघवाल, रोहतास गुर्जर, सुनील यादव, अशोक यादव उदय सिंह यादव जसवंत नंबरदार, रामस्वरूप पीटीआई, सहित सैकड़ो ग्रामीण, पार्टी पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉ. मोहित जसवंत यादव के नेतृत्व में विकास रथ यात्रा, ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए जनमानस को सरकार की योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रमों की शुरुआत ग्राम पंचायत बिजोरावास से हुई, जहां डॉ. मोहित के नेतृत्व में विकास रथ यात्रा निकाली गई। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात ग्राम महाराजावास में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, रसद विभाग, पशुपालन विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित अनेक विभागों ने एक ही छत के नीचे भाग लिया। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित समाधान के लिए डॉ. मोहित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं को नोट कर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यक्रमों के क्रम में शिवदानसिंहपुरा में शीशपाल व नरेश द्वारा स्थापित नई लाइब्रेरी का उद्घाटन डॉ. मोहित जसवंत यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी ग्रामीण युवाओं और बच्चों के लिए अध्ययन का सशक्त माध्यम बनेगी। अपने संबोधन में डॉ. मोहित ने कहा कि विकास की हर योजना की जानकारी सीधे जनता तक पहुंचना जरूरी है, ताकि उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम बहरोड़ रामकिशोर मीणा, तहसीलदार राजेन्द्र मोहन, नायब तहसीलदार गंडाला अजीत यादव, प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम, एडवोकेट प्रशान्त यादव, रामनेरश यादव तथा दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला अभिभाषक संघ अलवर की आमसभा में लिए अहम निर्णय

### NOC लागू, वर्क सस्पेंड पर सख्ती के संकेत

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला अभिभाषक संघ, अलवर की आमसभा पुस्तकालय भवन में आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने सहभागिता की। आमसभा की अध्यक्षता नवनिर्वाचित संघ अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान ने की। बैठक दोपहर 2:30 बजे प्रारंभ हुई। आम सभा में दो प्रमुख और संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई–

हृहष्ट (अनापत्ति प्रमाण पत्र) लागू किए जाने और वर्क सस्पेंड को सख्ती से लागू किए जाने को लेकर चर्चा की गई। विचार-विमर्श के बाद महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। वहीं लंबे और व्यापक विचार-विमर्श के पश्चात संघ की समस्त कार्यकारिणी द्वारा यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 दिसम्बर 2025 से जिला अभिभाषक संघ अलवर में हृहष्ट व्यवस्था लागू की जाती है। जहां इस निर्णय को अधिवक्ता हित, संगठनात्मक अनुशासन एवं न्यायिक मर्यादाओं के अनुरूप बताया गया।

दूसरे महत्वपूर्ण विषय वर्क सस्पेंड को लेकर आम सभा में स्पष्ट किया गया कि वर्क सस्पेंड से संबंधित अंतिम निर्णय कार्यकारिणी द्वारा लिया जाएगा। जिसमें कार्यकारिणी का निर्णय सर्वोपरि एवं अंतिम होगा। वर्क सस्पेंड के दिन यदि कोई अधिवक्ता न्यायिक कार्य करता है, तो उसके विरुद्ध नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। आम सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने संगठन की एकता, अनुशासन और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया पर विश्वास जताया। अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान ने कहा कि संघ के निर्णय अधिवक्ताओं के सम्मान, न्यायिक गरिमा और संगठन की मजबूती को ध्यान में रखकर लिए जा रहे हैं। आम सभा के निर्णयों को लेकर अधिवक्ता समुदाय में गंभीरता और स्पष्टता का माहौल देखने को मिला, जिससे आने वाले समय में संघीय कार्यप्रणाली और अधिक संगठित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## निर्माण कार्य पर देना होगा उपकर

### उपकर जमा नहीं कराने पर हो सकती है कुर्की

### भवन स्वामी जमा कराए उपकर, नहीं तो लग सकती है 100' पेनल्टी व 24' ब्याज राशि

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सहायक श्रम आयुक्त पंकज शर्मा ने बताया कि राज्य में सभी जिलों में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (श्रमिक) कल्याण उपकरण अधिनियम 1996 लागू है, जिसके तहत प्रदेश में 27 जुलाई 2009 के पश्चात निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक, निजी (आवासीय) भवनों व निर्माण कार्यों की लागत पर 1 प्रतिशत उपकर (सेस) देय है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में अभी तक किसी भी वर्ग या निर्माण कार्य पर उपकर राशि की छूट नहीं है। भवन निर्माण करने वाले मालिकों/नियोजक को निर्माण कार्य के प्रारम्भ करने की सूचना 30 दिवस की अवधि में निर्धारित प्रपत्र में श्रम विभाग को दिया जाना आवश्यक है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने या उपकर राशि निर्धारण होने की 30 दिवस की अवधि में जो भी पहले हो उपकर संग्रहक को जमा कराया जाना आवश्यक है। यदि किसी प्रोजेक्ट या निर्माण कार्य की अवधि एक वर्ष से अधिक हो तो 1 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के 30 दिवस में देय उपकर राशि जमा करायी जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियोजक द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत पर देय उपकर अग्रिम भी जमा कराया जा सकता है। उपकर (सेस) के तहत वसूली जाने वाली राशि निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में व्यय की जाती है। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई 2009 के बाद निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक, निजी आवासीय भवनों व निर्माण कार्यों को उपकरण (सेस) के दायरे में रखा गया है, जिनमें से 10 लाख रूपये से कम लागत के बनाए गए केवल आवासीय भवनों को उपकरण के दायरे से बाहर रखा गया है। अगर 10 लाख रूपये की लागत से ज्यादा की लागत से कोई आवासीय भवन बनता है तो उससे भी लागत का एक प्रतिशत सेस के रूप में वसूला जाएगा। व्यावसायिक भवन निर्माण करवाने पर कोई छूट नहीं है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत आज वित्तीय वर्ष 2025-26 में 695 से अधिक निर्माण स्थल (आवासीय व व्यावसायिक) के मालिकों को नोटिस दिए गए है तथा वसूली कार्यवाही हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इन प्रकरणों में नियत समय में राशि जमा नहीं करवाये जाने की स्थिति में वसूली हेतु जिला कलक्टर को प्रेषित किए जाएंगे। प्रारम्भ में भवन मालिक/नियोजक को निर्माण से संबंधित दस्तावेज अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है।

# स्कूल परिसर के 100 मीटर परिधि में तंबाकू उत्पाद बेच रहे दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

## नार्को कोऑर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में नार्को कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक के दौरान जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, अफीम या गंजे की अवैध खेती, ट्रामाडोल कोडिन आधारित खांसी की दवाई, भांग के वैध ठेको पर संचालित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, पुलिस विभाग में अन्य विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम और दवाइयां के हानिकारक प्रभाव के प्रावधान के बारे में जागरूकता साहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्कूल परिसर के 100 मीटर परिधि में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर कार्रवाई कर तंबाकू उत्पादों को सीज करने के निर्देश दिए। यह अभियान जिले भर में चलाया जाएगा जिसके तहत स्कूल परिसरों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई कर सामग्री जब्त की जाएगी।।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभाग को नशीले पदार्थों की तस्करी तथा बेचान के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। एनडीपीएस एक्ट में भिवाड़ी पुलिस द्वारा 31 प्रकरणों में 45 मुजरिम को गिरफ्तार कर 1 जनवरी से अब तक 30.784 किलो गांजा, 426.02 ग्राम स्मेक, 86.8 ग्राम चिट्टा, 13.65 किलो डोडा चूरा जप्त किया एवं खैरथल पुलिस द्वारा 28 किलो 743 ग्राम गांजा पकड़ कर 10 प्रकरणों में 13 मुलजिमों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार भिवाड़ी पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम में 281 प्रकरणों में 279 लोगों को गिरफ्तारी कर 4211.26 लीटर देशी एवं हथकड़ तथा 218 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की तथा खैरथल पुलिस द्वारा 206 प्रकरणों में 202 लोगों को गिरफ्तार कर 2132 लीटर देसी शराब एवं 15 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल विभाग के अधिकारियों को कोरेक्स कप सिरप की अवैध बिक्री पर मेडिकल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग ने जानकारी दी कि भांग के सभी ठेके निरस्त किए जा चुके हैं और अवैध संचालन पर कार्रवाई की जाएगी। जिले में ड्रग की समस्या से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भागीदार हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के क्रम में सभी कार्यालयों के कार्मिकों, स्कूल एवं कॉलेज में नशा विरुद्ध अभियान की प्रेरणा स्वरूप एक शपथ दिलाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई कर समाज को नशे से मुक्त बनाया जा सके। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, अतिरिक्त निदेशक कृषि विभाग विजय सिंह, सहायक निदेशक उद्यानिकी विभाग गोपाल, सहायक आबकारी अधिकारी कुलभूषण मिश्रा सहित ड्रग कंट्रोल, शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे समस्या समाधान शिविर

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा हो रही साकार, आमजन को मिल रही राहत**

## जयपुर जिले के सांभरलेक में सुलझा 47 वर्ष पुराना भूमि विवाद

## मौके पर ही बनी 46 वारिसों के बीच बनी सहमति, चेहरों पर खिली मुस्कान

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में शहरी समस्या समाधान शिविर एवं ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा स्वयं इन शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी का परिणाम है कि ये शिविर अब न केवल सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं, बल्कि आमजन, विशेषकर ग्रामीणों के लिए राहत का सशक्त माध्यम भी बनते जा रहे हैं। समस्या समाधान शिविर किस प्रकार आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं, इसकी बानगी गुरुवार को जयपुर जिले की सांभरलेक पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बरड़ोती में देखने को मिली। यहां आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में 47 वर्ष से लंबित भूमि स्वामित्व विवाद का सफलतापूर्वक समाधान किया गया, जिससे पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिली। उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने बताया कि यह प्रकरण वर्ष 1978 से लंबित था। संबंधित खातेदार के निधन के पश्चात भूमि के नामांतरण एवं बंटवारे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी, जिसके चलते यह विवाद चार पीढ़ियों तक चला। मृतक के कुल 46 वारिस थे, जिन्हें कानूनी स्वामित्व के अभाव में वर्षों से विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में सभी 46 वारिसों को आमंत्रित कर उनके दस्तावेजों की गहन जांच की गई। प्रशासनिक अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में सभी पक्षकारों की आपसी सहमति से भूमि का विधिवत बंटवारा किया गया। साथ ही, लंबे समय से लंबित फोती नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण कर प्रत्येक वारिस को उसका वैधानिक अधिकार प्रदान किया गया। ऋषिराज कपिल ने बताया कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही, सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्या समाधान शिविरों के माध्यम से वर्षों पुराने मामलों का त्वरित निपटारा कर आमजन को न्याय दिलाया जा रहा है। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं वारिसों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए राजस्थान सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की। वारिसों ने बताया कि दशकों पुरानी समस्या का एक ही दिन में समाधान हो जाना उनके लिए बड़ी राहत है। भूमि पर स्वामित्व मिलने से अब वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। ग्राम पंचायत बरड़ोती में आयोजित यह शिविर सुशासन, संवेदनशील प्रशासन एवं त्वरित न्याय का सशक्त उदाहरण साबित हुआ। शिविर के दौरान अन्य कई प्रकरणों का भी समाधान किया गया तथा ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 को जयपुर जिले के विभिन्न उपखंडों में ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर जमवारामगढ़ के नीमला एवं नायला, जोबनेर के कालख, किशनगढ़ रेनवाल के बाधावास, दूदू के रहलाना, आमेर के बगवाड़ा, सांगानेर के कलवाड़ा, चाकसू के निमोडिया एवं गरुड़वासी, मोजमाबाद के सेवा, जयपुर के मुण्डियारामसर, रामपुरा डाबड़ी के खोरीबीसल, फागी के मण्डोर, बस्सी के सांभरिया, सांभरलेक के सिनोदिया, शाहपुरा के रामपुरा एवं शाहपुरा, माधोराजपुरा के चित्तौड़ा तथा चोमूं के सामोद एवं नांगल भरड़ा में आयोजित किए जाएंगे।

महिला 5 बच्चों के संग कुएं में कूदी

## ग्रामीणों ने महिला और तीन बच्चों को बाहर निकाला, दो की मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** ।प्रदेश के ब्यावर में रायपुर मारवाड़ जंक्शन के झूठा गांव में गुरुवार को सुबह एक महिला अपने पांच बच्चों के साथ कुएं में कूद गई घटना के बाद ग्रामीण और पुलिस ने महिला और उसके तीन बच्चों को कुए से जिंदा बाहर निकाल लिया और उन्हें तुरंत अस्पताल में पहुंचा लेकिन दो जुड़वा बच्चों की मौत हो गई । घटना के समय महिला सुमित्रा का पति भाकर ब्यावर मजदूरी करने गया था सूचना मिलने के बाद गुरुवार को दोपहर वह घर पर आया महिला ने किस वजह से आत्महत्या करने का प्रयास किया इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई लेकिन महिला की शादी 9 साल पहले भाकर से हुई थी जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय सुमित्रा ने गुरुवार की सुबह अपने बेटे 5 वर्षीय दीपू 3 वर्ष दिव्या 2 वर्षीय काली और 1 साल के जुड़वा नार और प्रेमु के साथ कुएं में कूद गई लेकिन आसपास के लोगों ने महिला को कुएं में कूदने के दौरान देख लिया था जिसकी वजह से घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होंने अपने स्तर पर कुएं में गिरी महिला और बच्चों को बाहर निकलने का प्रयास किया जिसमें सुमित्रा और तीन बच्चों को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन कुएं में ही जुड़वा बच्चों की मौत हो गई द्य पुलिस का कहना है कि फिलहाल सुमित्रा और उसके तीन बच्चों का अस्पताल में उपचार जारी है उनकी हालत में सुधार हो रहा है और सुमित्रा के स्वस्थ होने के बाद ही पता चल पाएगा कि किस वजह से उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया पुलिस इस मामले में महिला के पति से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है और आसपास के लोगों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है तथा महिला के पीहर वाले और ससुराल पक्ष के लोगों से भी पुलिस आवश्यक पूछताछ कर रही है ।

## युवक ने खुद को गोली मारी, पत्नी 3 साल से पीहर में रह रही थी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पाली जिले के बागड़ी थाना इलाके के डोला गांव में खेत पर बनी झोपड़ी में युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली हालांकि मृतक के परिजनों का कहना है कि यह दुर्घटना हो सकती है लेकिन पुलिस ने मौका मिलना किया और परिजनों से हुई पूछताछ के आधार पर पुलिस का कहना है कि यह मामला आत्महत्या से जुड़ता हुआ ही दिख रहा है क्योंकि बुधवार की रात मृतक रामलाल ने अपने मोबाइल के व्हाट्सएप पर दो तरह के के फोटो डीपी में स्थापित किए थे जिसमें एक रोता हुआ इमोजी और दूसरे में आरएलपी लिखा हुआ था इसलिए पुलिस का कहना है कि शादी के बाद ही रामलाल और उसकी पत्नी के बीच मनमुटाव होने की बात सामने आई है जिसकी वजह से पिछले 3 साल से रामलाल की पत्नी ससुराल छोड़कर अपने मायके चली गई थी जिसकी वजह से हो सकता है रामलाल डिप्रेशन में हो और उसने सुसाइड कर लिया हो क्योंकि व्हाट्सएप पर जिस तरह की डीपी उसने लगाई है उसे साफ जारी हो अपने मायके चली गई थी जिसकी वजह से हो सकता है रामलाल डिप्रेशन में हो और उसने सुसाइड कर लिया हो क्योंकि व्हाट्सएप पर जिस तरह की डीपी उसने लगाई है उसे साफ जारी हो रहा है अपने मायके चली गई थी जिसकी वजह से हो सकता है रामलाल डिप्रेशन में हो और उसने सुसाइड कर लिया हो क्योंकि व्हाट्सएप पर जिस तरह की डीपी उसने लगाई है उससे ऐसा दिखता है कि वह पत्नी के वियोग में डिप्रेशन में था जानकारी के अनुसार डोला गांव में रामलाल के माता-पिता ने एक खेत किराए पर खेती के लिए लिया हुआ था और इस खेत में ही दो झोपड़ियां बनाई हुई थी जिसमें एक झोपड़ी में रामलाल रात को सोता था और दूसरी झोपड़ी में उसके माता-पिता सोते थे तथा रामलाल रात में खेत की रखवाली के लिए अपने पास 12 बोर की बंदूक भी रखता था गुरुवार की सुबह जब उसकी मां उसे चाय देने के लिए झोपड़ी में गई तो उसकी शत-शत बॉडी देखकर घबरा गई क्योंकि उसके सिर की खोपड़ी गोली से बिल्कुल फट चुकी थी इसलिए ऐसा लग रहा है कि रामलाल ने जानबूझकर गर्दन पर अपनी बंदूक रखी और फिर बंदूक चलाई जिसकी वजह से उसकी खोपड़ी बुरी तरह से फट गई हालांकि रामलाल के माता-पिता का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं है बल्कि दुर्घटना है फिर भी पुलिस की जांच जारी है लेकिन पुलिस प्रथम दृष्टा इसे आत्महत्या ही मान रही है ।

## पूर्व मंत्री के बेटे ने युवक कांग्रेस के नेता को पीटा, बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अलवर के शिवाजी पार्क नगर थाना इलाके में हसन का मेवात पेट्रोल पंप के पास प्रदेश व कांग्रेस के सचिव संदीप ओला पर गुरुवार की दोपहर दो दर्जन से ज्यादा हमलावर लड़कों ने हमला बोला हमलावरों ने संदीप की लाठी डंडों और अन्य हथियारों से जमकर मारपीट की जिसकी वजह से वह मौके पर ही बेहोश हो गया हमलावर संदीप को बेहोशी की हालत में छोड़कर घटनास्थल से भाग गए मारपीट की वजह से संदीप के शरीर के विभिन्न जगहों पर गहरी चोट के निशान आए हैं इस मामले में संदीप की ओर से सुरेंद्र भड़ाना और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार पुलिस में की गई शिकायत में जिस सुरेंद्र भड़ाना का जिक्र किया गया है उसके पिता अलवर की राजनीति में अच्छा प्रभाव रखते हैं और पूर्व में राजस्थान सरकार के मंत्री भी रह चुके हैं खबर लेकर जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई थी कि किस वजह से संदीप ओला के साथ मारपीट की गई फिलहाल पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है उधर इस मामले को लेकर अलवर युवा कांग्रेस के नेताओं में गहरा आक्रोश आ गया है संदीप ओला पर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते हमला किया गया या फिर बिजनेस या कोई अन्य कारण है इसका पता खबर लिखे जाने तक नहीं चल पाया लेकिन इस घटना से अलवर कांग्रेस में जरूर आक्रोश छा गया है

## विभिन्न समस्याओं को लेकर पार्षद ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 10 के पार्षद ने वार्ड कि विभिन्न समस्याओं को लेकर नगरपरिषद आयुक्त मगराज डूडी को ज्ञापन देकर वार्ड की समस्याओं के समाधान की मांग की है। पार्षद ने ज्ञापन में बताया कि शहरी समस्या समाधान शिविर में आयुक्त को अपने वार्ड 10 की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। जिनमें मुख्य समस्याएं मोचीवाड़ा सड़क, दायमा पीसीओं सड़क, भगवती एक्वा की सड़क, रतनलाल सोनी की गली व हीरालाल सोनी की गली व वार्ड में अन्य टुटी सड़कों को बनवाने अथवा मरम्मत करवाने तथा क्रॉस पर जाली लगवाने, गिनाणी डैम के टुटे हुए गेट को सही करवाने, टुटे चैम्बर पर जाली लगवाने, मुख्य गिनाणी के नालों के साथ साथ पास की गलियों के नालों कि सफाई करवाने, गोड़ सभा रोड़ पर अनावश्यक पड़े पाईपों व कचरे को हटवाने, वार्ड में समय निर्धारित कर कचरा उठवाने की उचित व्यवस्था करवाने से लेकर विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन देकर मांग की है।

## जे जे एम में घोटाला : जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ऑफिस में एसीबी का सर्च अभियान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बहुचर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो की विशेष जांच दल की ओर से गुरुवार को शासन सचिवालय में स्थित जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के ऑफिस में सर्च अभियान को अंजाम दिया गया ऑफिस में मौजूद विभिन्न पत्रावलियों डिजिटल डाटा कंप्यूटर में दर्ज रिकार्ड इत्यादि सभी की जांच पड़ताल की गई इसके अलावा दफ्तर में अधिकारियों और कर्मचारियों से भी आवश्यक पूछताछ की गई जानकारी अनुसार विशेष जांच स्थल की ओर से बुधवार को 900 करोड रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले के आरोप में पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई थी इसी गिरफ्तारी के मध्य नजर जांच के दायरे को आगे बढ़ते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की विशेष जांच दल की ओर से गुरुवार को जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग में सघन जांच पड़ताल की गई विशेष जांच स्थल की इस कार्रवाई को देखकर शासन सचिवालय के अन्य विभागों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों में भी खलबली सी मची रही और विशेष जांच दल की यह कार्रवाई पूरे शासन सचिवालय में दिनभर चर्चा का विषय बनी रही जानकारी के अनुसार विशेष जांच दल की ओर से एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से जिन 139 जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को नोटिस दिया गया है उनसे भी पूछताछ की जाएगी इसके अलावा 20000 करोड़ रुपए के टेंडर में विशेष जांच शर्त के संबंध में भी आवश्यक जांच की जाएगी इसके अलावा और भी कई प्रमुख बिंदु हैं जिन पर विशेष जांच दल की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है जानकारी के अनुसार विशेष जांच दल की इस जांच में आने वाले दिनों में कई और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है क्योंकि विशेष जांच स्थल की ओर से जिस गंभीरता से इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और जांच पड़ताल में कई ठोस सबूत लगातार विशेष जांच दल को गड़बड़ियों और अनियमिताओं के मिल रहे हैं इसलिए बहुत जल्दी ही कई और लोगों की इसमें गिरफ्तारी हो सकती है उल्लेखनीय है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैया लाल चौधरी कई बार कह चुके हैं कि इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की विशेष जांच स्थल दूध का दूध और पानी का पानी करेगी और जिसने भी जल जीवन मिशन का एक पैसा भी अनुचित उपयोग किया है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी चाहे कोई कितना ही बड़ा व्यक्ति क्यों ना हो चौधरी ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है इसलिए आगे भी अगर कोई थोड़ा भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ तुरंत कड़ा एक्शन लिया जाएगा उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में एक पैसे की भी अब गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी और जो गड़बड़ी करता हुआ पाया गया उसके खिलाफ तुरंत एक्शन होगा ।

## आईएएस सिद्धार्थ महाजन ने गुरुवार को कार्मिक विभाग में जॉइनिंग की, महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की संभावना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** 2003 आईएएस बेच के अधिकारी सिद्धार्थ महाजन ने गुरुवार को शासन सचिवालय में कार्मिक विभाग में जॉइनिंग की महाजन की जॉइनिंग के बाद अब सरकार की ओर से इन्हें महत्वपूर्ण विभाग और जिम्मेदारी मिलने की बात कही जा रही है वर्ष 2021 में महाजन दिल्ली में डेपुटेशन पर चले गए थे इससे पहले जयपुर, सवाई माधोपुर, जोधपुर और कई अन्य जिलों के कलेक्टर रहे थे और कई महत्वपूर्ण विभागों में पोस्टेड रहने के दौरान अपने उल्लेखनीय कार्यों से प्रदेश की सरकारों को काफी प्रभावित किया था चाहे प्रदेश में बीजेपी की गवर्नमेंट रही हो या कांग्रेस की दोनों ही सरकारों ने महाजन को हमेशा उनकी योग्यता और ईमानदारी को देखकर अच्छे डिपार्टमेंट में कार्य करने का अवसर दिया जिसमें महाजन ने बेस्ट परफॉर्मेंस करके भी दिखाया बाद में 2021 में दिल्ली में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के कार्यालय में सहित सचिव पद पर भी पोस्टेड रहे इसके बाद कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल में जॉइंट सेक्रेटरी पद पर कार्य किया अब उनकी वापस राजस्थान में वापसी हो गई है इसलिए शासन सचिवालय में भी गुरुवार को उनकी वापसी को लेकर खूब चर्चाएं सुनने को मिली जानकार लोगों का कहना है की मुख्य सचिव श्रीनिवास के निगाहों में सिद्धार्थ महाजन कर्मठ और ईमानदार अधिकारी हैं इसलिए कहा जा रहा है कि महाजन को बहुत अच्छी और बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। महाजन की पत्नी आकांक्षा महाजन भी इंडियन फॉरेस्ट सर्विस की अधिकारी हैं और जयपुर में ही पोस्टेड हैं जानकार लोगों का कहना है कि पिछले दिनों जिस तरह से प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव सुधांशु राजस्थान छोड़कर वापस दिल्ली चले गए लेकिन अब दिल्ली से पहले श्रीनिवास राजस्थान लोट और मुख्य सचिव पद पर बड़ी जिम्मेदारी उन्हें मिली और अब सिद्धार्थ महाजन राजस्थान लौटे हैं तो निश्चित रूप से प्रदेश के प्रशासनिक हलके के कामकाज में और गति आएगी तथा प्रदेश की जनता को भी राहत मिलेगी तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन को भी हासिल करने में काफी मदद मिलेगी इसलिए कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महाजन को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा खुद महाजन की निष्ठा और उनकी ईमानदारी से काफी प्रभावितहै ।

## रक्षक ही बने भक्षक, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री अपने ही घर को उजाड़ने पर तुले - टीकाराम जूली

### अजमेर और अलवर की मिट्टी के होकर भी अरावली के विनाश पर मौन क्यों ?

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर केंद्र सरकार और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री पर तीखा हमला बोला है। गुरुवार को जारी एक बयान में उन्होंने अरावली के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को राजस्थान के भविष्य पर प्रश्नचिह्न करार दिया जूली ने कहा कि अरावली को बचाने की लड़ाई अब किसी दल विशेष की नहीं बल्कि प्रदेश के अस्तित्व और हमारी आने वाली पीढ़ियों की सांसों को बचाने का सामाजिक धर्म है। केंद्रीय मंत्री की भूमिका पर सवाल जूली ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव पर सीधा प्रहार करते हुए कहा यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना है कि जिनके कंधों पर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी है वही आज विनाश की पटकथा लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री महोदय की शिक्षा अजमेर में हुई और वे अलवर का प्रतिनिधित्व करते हैं—दोनों ही क्षेत्र अरावली की गोद में बसे हैं और पुष्कर जैसे तीर्थों की रक्षा करते हैं। इसके बावजूद मंत्री धृतराष्ट्र बनकर अरावली का विनाश देख रहे हैं। क्या उन्हें अपनी ही मिट्टी और आने वाली पीढ़ी के भविष्य की चिंता नहीं है? परिभाषा बदलकर 90 प्रतिशत अरावली को नीलाम करने की तैयारी श्री जूली ने चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा फॉरेस्ट एक्ट और अरावली की परिभाषा में किए गए मनमाने संशोधनों से राजस्थान के लगभग 90 प्रतिशत पहाड़ संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगे। इसका सीधा अर्थ है—खनन माफिया के लिए रेड कारपेट बिछाना। उन्होंने कहा यदि 11,000 से अधिक पहाड़ियों वाला यह प्राकृतिक रक्षा कवच टूट गया तो थार के मरुस्थल को दिल्ली और पूर्वी राजस्थान तक पहुँचने से कोई नहीं रोक पाएगा। संस्थाओं का सरकारीकरण और स्वायत्तता का अंत नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि 2023 के संशोधनों के जरिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति जैसी स्वतंत्र निगरानी संस्थाओं को कमजोर कर उन्हें पूरी तरह पर्यावरण मंत्रालय के अधीन कर दिया गया है। स्वतंत्र आवाज को दबाकर सरकार अब अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में मनमाने फैसले ले रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।आस्था और संस्कृति पर कुठाराघात भावुक अपील करते हुए श्री जूली ने कहा अरावली हमारे लिए केवल पत्थरों का ढेर नहीं बल्कि आस्था का केंद्र है। यहाँ पांडुपोल हनुमान जी और राजा भृतहरि जैसे महान तीर्थ वास करते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्ग हमें हरे-भरे पहाड़ और कुएं सौंप कर गए थे लेकिन आज हमारा लालच भू-जल को 1500 फीट नीचे ले गया है। अगर अब भी नहीं संभले तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। जूली ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई अब केवल बयानों तक सीमित नहीं रहेगी। उन्होंने 'अरावली बचाओ अभियान' को एक जन-आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए प्रदेशवासियों से अपील की दलगत राजनीति और मतभेदों को भुलाकर अपनी प्रकृति अपनी संस्कृति और अपनी सांसों की रक्षा के लिए एकजुट हों। हम सरकार को इन विनाशकारी संशोधनों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर देंगे।

## अमृत भारत स्टेशन योजना में राजस्थान के रेलवे स्टेशनों को मिली नई पहचान : मदन राठौड़



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजस्थान के रेलवे स्टेशनों पर होने वाले कार्यों को लेकर सदन में महत्वपूर्ण सवाल लगाया। राठौड़ के सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना एक अल्पकालिक परियोजना नहीं बल्कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर आधारित एक सतत और चरणबद्ध सुधार प्रक्रिया है। इस योजना का मूल उद्देश्य देश के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करना उन्हें शहर के विकास से जोड़ना और यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करना है। इसके तहत हर स्टेशन के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जाता है जिसे स्थानीय जरूरतों और यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राजस्थान के संदर्भ में यह योजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य का भौगोलिक विस्तार बड़ा है और पर्यटन व्यापार व तीर्थाटन के लिहाज से यहां रेलवे की भूमिका अत्यंत अहम है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अब तक पूरे देश में 1337 स्टेशनों की पहचान की गई है जिनमें से 85 स्टेशन अकेले राजस्थान में स्थित हैं। यह आंकड़ा स्वयं में इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार राजस्थान को रेल अवसंरचना के क्षेत्र में प्राथमिकता दे रही है। आबू रोड से लेकर उदयपुर सिटी तक अजमेर से बीकानेर और जयपुर से श्रीगंगानगर तक राज्य के लगभग हर क्षेत्र को इस योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान के अंतर्गत राजस्थान के चयनित स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया जा रहा है। इसमें स्टेशन भवनों का आधुनिकीकरण स्वच्छ और आधुनिक प्रतीक्षालय व शौचालय पर्याप्त बैठने की व्यवस्था पीने के पानी की बेहतर सुविधा लिफ्ट और एस्केलेटर प्लेटफॉर्म शेल्टर फुट ओवर ब्रिज और सब–वे जैसी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ ही एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कियोस्क भी स्थापित किए जा रहे हैं जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि मोदी सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना से राजस्थान में कई स्टेशनों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। बूंदी डीडवाना फतेहपुर शेखावाटी गोगामेड़ी गोविंदगढ़ जैसलमेर खैरथल मंडलगढ़ मेड़ता रोड जंक्शन और झुंझुनूं जैसे 10 स्टेशन पहले ही विकसित किए जा चुके हैं। वहीं बीकानेर गांधीनगर जयपुर जयपुर जंक्शन और उदयपुर सिटी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर निर्माण और उन्नयन कार्य तीव्र गति से जारी है। इन कार्यों में नए प्रवेश द्वार बेसमेंट विकास प्लेटफॉर्म पुनर्निर्माण लिफ्ट स्थापना और आधुनिक फिनिशिंग शामिल है जो आने वाले समय में इन स्टेशनों को आधुनिक ट्रांजिट हब में बदल देगा। उन्होंने बताया कि यह पूरी योजना शीर्ष-53 यात्री सुविधाओं के अंतर्गत वित्तपोषित है और इसमें क्षेत्रीय रेलवे के आधार पर बजट आवंटन किया जाता है। राजस्थान पांच क्षेत्रीय रेलवे उत्तर रेलवे उत्तर मध्य रेलवे उत्तर पश्चिम रेलवे पश्चिम रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन क्षेत्रीय रेलों के लिए 5,257 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जिसमें से अक्टूबर 2025 तक 2829 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं। यह दर्शाता है कि सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही ।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर में रोजगार महोत्सव का होगा आयोजन

### 25 दिसम्बर को वाणिज्य महाविद्यालय परिसर में होगा भव्य रोजगार मेला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला का प्रथम कार्यक्रम दिनांक 25 दिसम्बर 2025 (गुरुवार) को वाणिज्य महाविद्यालय, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर के परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयुक्त, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता ऋषभ मंडल ने बताया कि रोजगार महोत्सव का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार महोत्सव में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैंकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा, सिक्योरिटी, ई-कॉमर्स, कॉल सेंटर, बीमा सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 70 निजी नियोजक भाग लेंगे। नियोजक अपनी रिक्तियों के अनुसार मौके पर ही युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी विभाग भी रोजगार महोत्सव में सहभागिता कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे, जिससे आशार्थी योजनाओं का भी लाभ उठा सकें। अधिक से अधिक युवा आशार्थियों एवं नियोजकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रोजगार विभाग द्वारा QR Code / Employer Registration - Job Fair (EEMS 2.0) पोर्टल जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आशार्थी एवं नियोजक पंजीकरण कर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। इस रोजगार महोत्सव में 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, आईटीआई, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक सहित सभी योग्यताधारी अभ्यर्थियों के लिए अवसर उपलब्ध हैं। सभी योग्य आशार्थियों से आग्रह है कि वे अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ पंजीकरण कर रोजगार महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसका लाभ उठाएं।

## भारत की लड़कियों के लिए कौशल स्वतंत्रता, आत्मविश्वास और सुरक्षा का मार्ग है



डॉ विजय गर्ग

भारत ने लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच को मजबूत करने में दशकों बिताए हैं। छात्रवृत्ति, जागरूकता अभियान और सामुदायिक स्तर के अभियानों के माध्यम से देश पहले की तुलना में अधिक लड़कियों को कक्षाओं में लाने में सफल रहा है। प्राथमिक, माध्यमिक और यहां तक कि उच्च शिक्षा स्तर पर लड़कियों के नामांकन की दर में वृद्धि हुई है। फिर भी एक जिद्दी अंतर बना हुआ है: जबकि अधिक युवा महिलाएं स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर लेती हैं, लेकिन उनमें से बहुत कम ही इसमें शामिल हो पाती हैं कार्यबल. यह विच्छेद एक कठोर सत्य को उजागर करता है - केवल शिक्षा ही रोजगार की गारंटी नहीं दे सकती। भारतीय लड़कियों के लिए कौशल विकास, सीखने और आजीविका के बीच की लुप्त कड़ी है। देश भर में हजारों युवा महिलाओं के पास डिग्री है लेकिन वे बेरोजगार हैं। यह एक गहन संरचनात्मक मुद्दे को दर्शाता है: साक्षरता और शैक्षणिक योग्यताएं, यद्यपि आवश्यक हैं, लेकिन स्वत: ही रोजगार में परिवर्तित नहीं होतीं। कई स्नातकों में समकालीन उद्योगों द्वारा अपेक्षित व्यावहारिक, डिजिटल और कार्यस्थल कौशल का अभाव होता है। इसे और भी जटिल बनाते हुए सामाजिक मानदंड और सांस्कृतिक अपेक्षाएं हैं जो अक्सर शिक्षा के लाभों को ढक देती हैं। कई लड़कियों के लिए, पारिवारिक प्रतिबंध, लिंग रूढ़िवादिता और 'उचित काम' के बारे में विचार शिक्षा को वित्तीय स्वतंत्रता में बदलने की उनकी क्षमता को सीमित करते हैं। ये सामाजिक बाधाएं हर चीज को आकार देती हैं - चाहे किसी महिला को काम करने की अनुमति हो या नहीं, से लेकर वह किस प्रकार का काम स्वीकार कर सकती है। परिवार अक्सर ऐसी भूमिकाओं से बचते हैं जिनमें यात्रा, शारीरिक कार्य या देर तक काम करना शामिल होता है, जिससे शिक्षित महिलाओं को भी संकीर्ण, कम विकास वाले कैरियर पथ पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। आत्मविश्वास-निर्माण और संचार क्षमताएं - आज की कार्य संस्कृति में महत्वपूर्ण कौशल - पारंपरिक कक्षाओं में शायद ही कभी पोषित होते हैं, जिससे कौशल विकास कार्यक्रम आवश्यक हो जाते हैं। भारत के विशाल अनौपचारिक क्षेत्र में वास्तविकता और भी कठोर हो जाती है, जहां 90 प्रतिशत से अधिक कामकाजी महिलाएं केंद्रित रहती हैं। अधिकांश लोग अकुशल हैं और कम वेतन वाली, असुरक्षित नौकरियों में लगे हुए हैं - घरेलू काम, कृषि, सिलाई, निर्माण, घर पर आधारित उत्पादन या सूक्ष्म उद्यम। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं को कौशल की गंभीर कमी का सामना करना पड़ता है और वे अस्थिर नौकरियों में फंसी रहती हैं, जहां उनकी गतिशीलता कम होती है। कौशल विकास इस दिशा को बदल सकता है। डिजिटल साक्षरता में प्रशिक्षण महिलाओं को कम उत्पादकता वाले काम से स्थिर, बेहतर वेतन वाले अवसरों की ओर बढ़ने में मदद करता है। आज के उद्योग - चाहे स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, आतिथ्य, प्रौद्योगिकी या खुदरा - सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक क्षमता के मिश्रण की मांग करते हैं, और कौशल प्रशिक्षण इस पुल को प्रदान करता है। जब महिलाएं कौशल प्राप्त करती हैं, तो इसका प्रभाव रोजगार से कहीं आगे तक जाता है। कुशल महिलाएं आर्थिक उत्पादकता, नवाचार और समावेशी विकास को मजबूत करती हैं। परिवारों के भीतर, एक कामकाजी बेटी या माँ वित्तीय सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति को बढ़ाती है। इसके अलावा, कुशल श्रमिक उचित वेतन पर बातचीत करने, शोषण का विरोध करने और औपचारिक रोजगार में जाने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। भारत के लिए अगला कदम शिक्षा के हर चरण में कौशल विकास को एकीकृत करना होगा। ग्रामीण प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तार किया जाना चाहिए, विशेष रूप से प्रतिबंधित गतिशीलता वाली लड़कियों के लिए। उद्योग के साथ साझेदारी यह सुनिश्चित कर सकती है कि प्रशिक्षण वास्तविक नौकरी बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप हो। महत्वपूर्ण बात यह है कि समुदायों और परिवारों को कौशल प्रशिक्षण को आवश्यक मानने के लिए संवेदनशील बनाया जाना चाहिए - न कि माध्यमिक शिक्षा। भारत की लड़कियों के लिए, कौशल स्वतंत्रता, आत्मविश्वास और सुरक्षा का मार्ग है।

# बढ़ाया जाए सुधारों का दायरा



कोविड महामारी के बाद से ही कायाकल्प और तेजी के मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था साल दर साल विश्लेषकों की कसौटियों पर खरी उतरती आई है। वित्तीय वर्ष 2024 में 9.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को एक तबके ने आंकड़ों की बाजीगरी कहकर खारिज करते हुए आशंका जताई थी कि अगले साल जीडीपी नीचे आ जाएगी। ऐसे लोगों को निराशा ही हाथ लगी, क्योंकि वित्तीय वर्ष 2025 में भारत ने 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की। इससे दो वर्षों की औसत जीडीपी वृद्धि 7.85 प्रतिशत हो गई, जो संदेह जताने वालों के दावों को निस्तेज करती है।
अगर वर्ष 2000 से ही जोड़ें तो भारत की दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही है। स्पष्ट है कि भारत की संभावित जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत से अधिक हो गई है। ऐसे अनुमान के पीछे पिछले एक दशक के दौरान केंद्र सरकार के सुधार और विभिन्न सकारात्मक पहल प्रमुख आधार हैं। अगर वृहद आर्थिक सुधारों की बात की जाए तो अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में बिखराव को दुरुस्त करते हुए उसे

विश्व आर्थिकी की दशा-दिशा बताने वाले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ के वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के अक्टूबर अनुमान के अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी का रुख कायम रह सकता है। इसमें जोखिम के पहलू बने हुए हैं। इसी पृष्ठभूमि में 28 नवंबर को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी के आंकड़े चौंकाने वाले रहे। इस दौरान जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह इस कारण भी बड़ी उपलब्धि लगती है कि वैश्विक मंदी के साये और ट्रंप के टैरिफ से बनी अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार और तेज हो गई। पहली तिमाही में जीडीपी ने 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी।

दूसरी तिमाही के दौरान जीडीपी के प्राथमिक क्षेत्र कृषि में 3.5 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र उद्योग में 7.7 प्रतिशत, विनिर्माण में 9.1 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र यानी सेवाओं में 9.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई, जो दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है। यही कारण है कि भारत लंबे समय से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वैसे इन आंकड़ों पर कुछ लोग संदेह भी जता रहे हैं। हालांकि ऐसे कुछ स्वर वास्तविकता को नहीं उलट सकते।

कोविड महामारी के बाद से ही कायाकल्प और तेजी के मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था साल दर साल विश्लेषकों की कसौटियों पर खरी उतरती आई है। वित्तीय वर्ष 2024 में 9.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को एक तबके ने आंकड़ों की बाजीगरी कहकर खारिज करते हुए आशंका जताई थी कि अगले साल जीडीपी नीचे आ जाएगी। ऐसे लोगों को निराशा ही हाथ लगी, क्योंकि वित्तीय वर्ष 2025 में भारत ने 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की। इससे दो वर्षों की औसत जीडीपी वृद्धि 7.85 प्रतिशत हो गई, जो संदेह जताने वालों के दावों को निस्तेज करती है।

अगर वर्ष 2000 से ही जोड़ें तो भारत की दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही है। स्पष्ट है कि भारत की संभावित जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत से अधिक हो गई है। ऐसे अनुमान के पीछे पिछले एक दशक के दौरान केंद्र सरकार के सुधार और विभिन्न सकारात्मक पहल प्रमुख आधार हैं। अगर वृहद आर्थिक सुधारों की बात की जाए तो अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में बिखराव को दुरुस्त करते हुए उसे जीएसटी के रूप में सशक्त किया गया है। इसी आर्थिक कड़ी में विधायी मोर्चे पर इनसाल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड यानी आइबीसी, रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) और मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) जैसे कदम भी अहम रहे हैं। इस क्रम में बैंकों और कंपनियों के बहीखातों की सेहत सुधारी गई है। डिजिटल खाई को पाटने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की स्थापना हुई है। राजस्व खर्च की प्रधानता पर उस पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता दी गई, जिसने बुनियादी ढांचा निर्माण को गति प्रदान की। राजकोषीय घाटे पर काबू पाने में भी उत्तरोत्तर सफलता मिलती गई। याद रहे कि वर्ष 2013 में भारत को पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, जो मुद्रास्फीति से लेकर राजकोषीय घाटा और अन्य अनेक मानदंडों के मामले में संघर्ष कर रही थीं, लेकिन सुधारों की निरंतर सौगात ने हालात बदलने के काम किए हैं। बीते एक दशक में केंद्र सरकार की कई सकारात्मक पहल के भी अब फल मिलने लगे हैं। लखपति दीदी, मुद्रा ऋण, किसान उत्पादक संगठन यानी एफपीओ इस मामले में उल्लेखनीय हैं। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 के अंत तक लखपति दीदी की संख्या एक करोड़ पहुंच गई है। इसके लिए तीन करोड़ का लक्ष्य निर्धारित है। मुद्रा योजना के अंतर्गत लगभग 52 करोड़ ऋणों के माध्यम से 33 लाख करोड़ रुपये की राशि जारी हुई है। ई-नैम के रूप में इलेक्ट्रानिक व्यापार पोर्टल देश भर के किसानों और कृषि उत्पाद विपणन समितियों के बीच सेतु बनकर एकीकृत राष्ट्रीय बाजार के रूप में स्थापित हुआ है। ऐसी पहल कौशल विकास, रोजगार सृजन, क्षमता निर्माण और बाजार में स्थायित्व लाने में उपयोगी साबित हुई हैं। इससे हाशिए पर मौजूद समूहों विशेषकर ग्रामीण आबादी के वित्तीय एवं सामाजिक समावेशन का दायरा बढ़कर उनका व्यापक सशक्तीकरण हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर वैश्विक क्षमता केंद्र यानी जीसीसी इस समय की एक बड़ी सफलता है। भारत ऐसी इकाइयों का गढ़ बनता जा रहा है। वर्तमान में 1,700 जीसीसी सक्रिय हैं, जो 19 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। इनके जरिये 2024 तक 64.6 अरब डालर का राजस्व सृजित हुआ। अनुमान है कि 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर 100 अरब डालर तक हो सकता है। इसी बीच 'जन विश्वास' जैसे कदम जैसे आत्म-प्रमाणन एवं आत्म-मूल्यांकन के प्रविधान करते हैं। कई प्रविधान आपराधिक दायरे से बाहर हुए हैं। बैंकों, बीमा कंपनियों और म्यूचुअल फंडों द्वारा जन के धन की वापसी के लिए दबाव और कर प्राधिकरण आदि के स्तर से भी यही संकेत उभर रहे हैं कि धीरे-धीरे ही सही शासन की दृष्टि में सुधार हो रहा है। ये कदम बढ़ती आर्थिक भागीदारी, बेहतर बुनियादी ढांचे, घटती लाजिस्टिक्स लागत, आर्थिक उत्पीड़न में कमी और बढ़ते पूंजी उत्पादन अनुपात में रूपांतरित हो रहे हैं। हाल में घोषित श्रम सुधारों और गौबा समिति की सिफारिशों से स्थितियां और सुधर सकती हैं। इससे एमएसएमई को बड़ी राहत मिलने के आसार हैं। यह सही है कि इन सुधारों को 1991 के क्रांतिकारी सुधारों जैसी संज्ञा नहीं दी जा सकती, लेकिन यह तय है कि ये छोटे-छोटे सुधार बड़ी सफलता का आधार बनेंगे।

## सम्पादकीय

## कोहरे और प्रदूषण के बीच बढ़ी लापरवाही



पिघहराते प्रदूषण संकट के बीच ठंड बढ़ने के साथ ही कोहरे की मार पड़ने लगी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर आए दिन गाड़ियों के टकराने की खबरें आ रही हैं। मंगलवार को धुंध के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा के बीच सात बसों और तीन गाड़ियों के टकराने एवं कई अन्य शहरों में भी इसी तरह की दुर्घटनाओं में 25 लोगों की जान जाने के बाद यह बहस तेज हो गई है कि जवाबदेही कौन लेगा और कैसे रोकथाम के लिए कोई रास्ता निकलेगा। अभी तक तो प्रदूषण एवं धुंध के कारण बढ़ते संकट के बीच राजनीतिक बयानबाजी भर सामने आती रही है और जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में सत्ता प्रतिष्ठान एवं प्रशासन दिखा है। हालात ये हैं कि सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती है और धुंध बढ़ने के साथ राजमार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ने लगती हैं। राजमार्गों पर धुंध के बीच रफ्तार पर लगाम को लेकर न कोई चेतावनी है, न कोई अंकुश। दरअसल, प्रदूषण का गहराता संकट मौसम की मार तो है ही, सरकार की अनदेखी और लापरवाही से समस्या में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। इस तरह की दिक्कतों को लेकर चर्चा होती है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। हाल में खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के पाए गए। स्पष्ट है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में आसमान में धुएं की परत के आगे बेबसी है। सरकारी स्तर पर कवायद घोषणाओं और आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित दिखती है। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। हालत यह है कि बहुत सारे लोगों के सामने सांस से संबंधित परेशानियों सहित कई तरह की मुश्किलें पैदा हो रही हैं, लेकिन अब भी प्रदूषण को कम या दूर करने के लिए कोई ईमानदार इच्छाशक्ति नहीं दिखती। किसानों के मुद्दों को जोर-शोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले नेता तब कहां चले जाते हैं, जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। शासन को भी आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से बचना होगा और दूरगामी प्रभावों वाली नीतियां लागू करनी होंगी। जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# विपक्ष के निशाने पर न्यायपालिका

तमिलनाडु में जिस तरह कार्तिगई दीपम परंपरा स्थापित करने का आदेश देने वाले मद्रास हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ द्रमुक और उसके सहयोगी दलों ने लामबंदी की, उससे यही संकेत मिल रहे हैं कि इस गठजोड़ के घटक बिहार के नतीजों से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं। द्रमुक सांसद कनिमोई की अगुआई में आइएनडीआइए के 120 सांसदों द्वारा स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग का नोटिस देना गठबंधन की पारंपरिक राजनीति का ही विस्तार है। गठबंधन यह पचा नहीं पा रहा कि किसी जज ने बहुसंख्यक सनातनी परंपरा स्थापित करने का निर्णय दे दिया।

मदुरई जिले की तिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। द्रमुक की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने स्वामीनाथन के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। दिलचस्प है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका विरोध भी नहीं किया, बल्कि सरकार ने ही विवाद भड़काया।

राज्य सरकार ने स्वामीनाथन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील भी की, लेकिन उसे यह भी लगा कि अगर उसने जज को सबक नहीं सिखाया तो सेक्युलरवाद की बुनियाद पर टिकी उसकी राजनीति में दरार पड़ सकती है। जज को सबक सिखाने और न्यायपालिका पर अंकुश लगाने के द्रमुक के इस कदम में सबसे हैरतअंगेज कदम है विपक्षी गठबंधन के अन्य घटकों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना। लोकसभा अध्यक्ष



को महाभियोग प्रस्ताव पेश करते वक्त कनिमोई के साथ कांग्रेस नेताओं और अखिलेश यादव की मौजूदगी के संकेत गहरे हैं। विपक्षी दल अल्पसंख्यक समुदाय को यह संकेत देने की कोशिश में हैं कि सिर्फ आइएनडीआइए ही उसके हितों के लिए किसी जज को भी निशाना बना सकता है। विपक्षी गठबंधन की कोशिश कुछ महीने बाद होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की करीब छह प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी को लुभाना है। चूंकि द्रमुक की राजनीति के केंद्र में अल्पसंख्यकवाद का भी मंत्र रहा है, इसलिए कार्तिगई दीपम की परंपरा को रोकने में उसे कोई हिचक नहीं हुई। इस पूरे मसले पर चर्चा से पहले जानना जरूरी है कि कार्तिगई दीपम त्योहार है क्या? दक्षिण के दीप पर्व के रूप में विख्यात कार्तिगई दीपम भगवान मुरुगन के सम्मान में तमिल महीने में दीप जलाने की परंपरा है। मान्यता है कि ब्रह्मा और विष्णु के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शिवजी स्वयं अनंत अग्निस्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। उसी स्तंभ की स्मृति स्वरूप उचिपिल्लायर मंदिर के पास प्राचीन दीपाथुन नामक स्तंभ के नजदीक महादीपक जलाया जाता है। तिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर भी इसकी परंपरा रही, लेकिन बाद में वहां मंदिर के नजदीक एक दरगाह स्थापित हो गई। दरगाह के बाद सेक्युलरवाद को बढ़ावा देना जरूरी था, लिहाजा दीपम की परंपरा अधिकारियों ने रोक दी। इसे ही शुरू करने को लेकर अदालती हस्तक्षेप की मांग की गई। पहले मदुरई की जिला अदालत में मामला चला और बाद में मद्रास हाई कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने पहाड़ी पर दीप जलाने की परंपरा शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद पहाड़ी पर तीन दिसंबर को श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने लगा, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। द्रमुक सरकार के इस दांव ने भाजपा को एक बड़ा मुद्दा दे दिया। वह पूछ रही है कि आखिर राज्य के हिंदुओं ने कौन सी गलती की है कि उन्हें दीप जलाने के अधिकार के लिए अदालत का रुख करना पड़ा और वहां से अनुकूल आदेश मिलने के बाद भी उसका पालन नहीं होने दिया गया? द्रमुक की पूर्ववर्ती जस्टिस पार्टी की स्थापना 1916 में हुई थी। उसकी स्थापना ब्राह्मणवाद के विरोध के लिए हुई थी। कालांतर में उसकी ब्राह्मणवाद विरोध की राजनीति बढ़ते-बढ़ते ब्राह्मण विरोध पर केंद्रित हो गई। बाद में उसके विरोध के दायरे में हिंदी और पूरी सनातन परंपरा समा गई। यही वजह है कि स्टालिन कुनबे को हिंदुत्व की कटु आलोचना से कभी परहेज नहीं रहता। अहर्निश हिंदी विरोध और अब कार्तिगई दीपम का विरोध इसी परंपरा का विस्तार है। विपक्षी गठबंधन को इन दिनों संविधान बचाने की बहुत चिंता है। 'संविधान खतरे में है' की आवाज बुलंद करने वाले विपक्षी गठबंधन की नजर में न्याय वही है, जो उनके नैरेटिव के हिसाब से हो, अन्यथा वह सेक्युलरवाद का विरोध है। राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को ये दल अब भी दिल से स्वीकार नहीं कर पाए हैं। इसी क्रम में अब स्वामीनाथन पर भी निशाना साधा जा रहा है। इसने एक बार फिर विपक्षी गठबंधन की अल्पसंख्यकपरस्त सियासी रणनीति का चेहरा उजागर किया है।

# सुस्ती से उपजी समस्या

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम में सुस्ती पर फिर से नाराजगी जताई और यह कहा कि कोई काम नहीं हो रहा है। उसने अपने पहले के आदेश में कुछ संशोधन किए और पुराने वाहनों को दंडात्मक कार्रवाई से मिली छूट भी समाप्त की। उसकी ओर से दिल्ली और उसके आसपास बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए कुछ और भी निर्देश दिए गए। बावजूद इसके इसमें संदेह है कि वायु प्रदूषण पर कोई प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। इसका कारण यह है कि वायु प्रदूषण का स्तर इतना अधिक बढ़ गया है कि अब तात्कालिक उपायों से कोई बात शायद ही बने। वायु प्रदूषण से मुक्ति के लिए दीर्घकालिक उपायों पर लगातार काम करना



होगा। बीते कुछ वर्षों से हो यह रहा है कि जब वायु प्रदूषण सिर उठा लेता है, तब उससे निपटने के प्रयत्न किए जाते हैं। प्रति वर्ष सर्दियां शुरू होते ही दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का एक कारण इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति भी है, लेकिन उसका तो कुछ किया नहीं जा सकता। जो किया जा सकता है, वह यह कि प्रदूषण के सभी कारणों के निवारण पर एक साथ गंभीरता से ध्यान दिया जाए। दिल्ली और उसके आसपास प्रदूषण के बड़े कारणों में वाहनों का उत्सर्जन और सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल है। वाहनों के विषाक्त उत्सर्जन का मूल कारण ट्रैफिक जाम के चलते उनका अत्यंत धीमी गति से चलना है। न तो ट्रैफिक जाम का कोई समाधान खोजा जा पा रहा है और न ही सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल का निदान हो पा रहा है। यह समझा जाना चाहिए कि वायु प्रदूषण केवल दिल्ली और उसके आसपास की ही समस्या नहीं है। अब यह उत्तर भारत की समस्या बन गया है। सच तो यह है कि ठंड के मौसम में स्वच्छ वायु अब देश के चंद हिस्सों में ही उपलब्ध होती है। इसकी वजह उन कारणों का निवारण न किया जाना है, जो हवा को दूषित करते हैं। अध्ययन यह बताते हैं कि 80 प्रतिशत प्रदूषण धूल एवं धुएं से होता है और उसमें उस धुएं की भी हिस्सेदारी है, जो लकड़ी, कोयला, उपले आदि जलाने से निकलता है। समस्या यह है कि कोयला, लकड़ी और उपलों को न जलाया जाए, इसके लिए कोई उपाय नहीं किए जा पा रहे हैं।

## सामोद के वीर हनुमान मंदिर का होगा कायाकल्प, 9.15 करोड़ रुपये स्वीकृत

### पूर्व विधायक शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री व स्वायत्त शासन मंत्री का आभार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से सामोद स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल वीर हनुमान जी (खोल) के दर्शनार्थियों की सुविधा और मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु विभिन्न विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 15 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा का आभार व्यक्त किया है। जेडीए की ओर से मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से 2.52 करोड़ रुपये की लागत से रिटेनिंग वॉल बनाई जाएगी, सुरक्षा के लिए नई बाउंड्री वॉल का निर्माण और पुरानी दीवारों को ऊँचा करने का कार्य लगभग 1.87 करोड़ रुपये से किया जाएगा, श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु 96.58 लाख की लागत से सीसी रोड और 1.68 करोड़ की लागत से आधुनिक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य 1.28 करोड़ रुपये और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो नए टॉयलेट ब्लॉक्स 46.81 लाख रुपये का निर्माण भी शामिल है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार धार्मिक पर्यटन और आस्था के केंद्रों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से सामोद मंदिर के लिए स्वीकृत यह बजट न केवल यहाँ की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि इससे स्थानीय पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## 6 प्रकरणों में लगाया 38 लाख का जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत 6 प्रकरण में कुल 38 लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। एडीएम कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि रामचन्द्र जाट, सालासर के यहां खाद्य पदार्थ मीठा मावा के सब स्टेण्डर्ड का होने पर 5 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार कानाराम शर्मा-मैसर्स सालासर स्वीट्स सालासर के खाद्य पदार्थ मावा के पेड़े सब स्टेण्डर्ड का होने पर 5 लाख, दिलीप कुमार शर्मा, नन्द किशोर दाधीच- मैसर्स शेखावाटी मिष्ठान भण्डार सालासर के खाद्य पदार्थ घी सब स्टेण्डर्ड का होने पर 6 लाख रूपये जुर्माना, श्रीराम पारीक, भरत पारीक-मैसर्स बालाजी बीकानेर मावा भण्डार सुजानगढ़ के खोया सब स्टेण्डर्ड फूड होने पर 5 लाख रूपये जुर्माना, महेश कुमार पारीक लिखमादेसर डूंगरगढ़ के खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध सब स्टेण्डर्ड फूड होने पर 5 लाख रूपये, कमल चौधरी- मैसर्स कमल एजेन्सीज रतनगढ़, देवकीनदंन चौधरी मैसर्स कमल एजेन्सीज रतनगढ़, अन्नत शर्मा -मैसर्स माँ शारदा इन्टरप्राईजेज जयपुर, उत्तम पाल पुत्र अजय पाल मैसर्स- गणेश प्रॉडक्ट प्राईवेट लिमिटेड हावडा, प. बंगाल के खाद्य पदार्थ शरबत (गणेश केसर इलायची विद सिल्वर लीफ) के मिसब्राण्डेड होने पर कमशः 3-3 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया।

## शहरी समस्या समाधान शिविर में मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** स्वायत शासन विभाग के निर्देशन पर गुरूवार को तारानगर पालिका परिसर में शहरी समस्या समाधान शिविर -2025 का आयोजन किया गया है। जिसमें 4 कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टे, 02 स्टेट ग्रान्ट एक्ट के पट्टे जारी किए गए, 01 भवन निर्माण स्वीकृति, 04 नामान्तरण प्रमाण पत्र, 29 जन्म-मृत्यु प्रमाण व विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसी प्रकार शिविर के दौरान प्राप्त 11 कचरा संग्रहण की शिकायतों का निस्तारण, आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्र में 2.5 किलोमीटर सड़क सफाई कार्य, 1 सड़क क्रोस मरम्मत व 05 नाली निर्माण कार्य करवाकर प्रार्थना पत्र का निस्तारण, 30 स्ट्रीट लाईटों को सही करवाया, ढीले तारो से संबंधी, विद्युत कनेक्शन, अन्य समस्या का निस्तारण किया। पालिका ईओ अजय प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नगरपालिका में वार्ड संख्या 16 से 20 का शिविर आयोजित किया जायेगा जिसमें वार्ड वासी अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंच कर वांछित योजना कार्य के लिए आवेदन प्रस्तुत कर राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जा रही छूट का लाभ प्राप्त करे।

## कल से सालासर में शुरू होगा प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन

### तैयारियों को दिया अंतिम रूप

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के 62वें प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन को लेकर आयोजित बैठक में सम्मेलन की समस्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष महावीर सिहाग तथा संघर्ष समिति संयोजक पोखरमल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़ उपस्थित रहे। गजानंद शर्मा खोतडी ने बताया कि सम्मेलन शिक्षकों के स्थानांतरण, डीपीसी, गैर- शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं, शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों के सम्मान व अधिकारों की रक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक विमर्श के लिए आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के माध्यम से शिक्षकों की एकजुट शक्ति को संगठित कर सरकार तक उनकी मांगों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में आयोजन स्थल, आवास, भोजन, मंच व्यवस्था, अनुशासन व प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित समितियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। उपस्थित पदाधिकारियों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक व सफल बनाने के लिए अधिकाधिक शिक्षक सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में शिक्षक बनवारी खींवाराम ख्यालिया, गुरुदेव गोदारा, शिवपाल थालोड़, लक्ष्मण नायक, सुधींद्र जोशी, इमरान, रामचंद्र गोदारा, मघाराम मांडिया, दीपक भास्कर, भंवरलाल पांडर, दीनदयाल गुलेरिया, ओमप्रकाश डूडी, अशोक कसवां उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र ललित स्वामी के विधालय रिकार्ड में भुलवंश पिता का नाम श्रीराम दास स्वामी (SHRIRAM DAS SWAMI) अंकित हो गया जो सही नहीं है। जिसे परिवर्तन कर पिता का नाम श्रीराम स्वामी (SHRIRAM SWAMI) रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र ललित स्वामी के पिता का नाम श्रीराम स्वामी के नाम से जाना पहचाना जावे।

**श्रीराम स्वामी पुत्र झूमरदास**
**बीदासर चुरू**

# एसआईआर पूरा होने पर सांभरलेक जमकर थिरके एसडीएम और बीएलओ

जयपुर टाइम्स





**सांभरलेक(निस)।** कस्बे में नावां रोड स्थित जांदू गार्डन में उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जमकर ठुमके लगाए गए। खुशी के मारे उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल स्वयं को भी थिरकने से रोक नहीं पाए। सांभरलेक उपखंड क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल होने पर पूरे प्रशासनिक अमले में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। नावां रोड स्थित एक निजी गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में जोश, जुनून और खुशी देखने को मिली। इस उपलब्धि के जश्न में सांभरलेक उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल, जोबनेर उपखंड अधिकारी नेहा राठी, किशनगढ़ रेनवाल उपखंड अधिकारी सर्वेश कुमार, एआरओ कोमल यादव व सृष्टि जैन, नायब तहसीलदार गंगाविशन गुजराती, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह, चुनाव शाखा प्रभारी राहुल सहित क्षेत्र के बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य अधिकारी एकत्रित हुए और डीजे की धुन पर जमकर खुशी मनाई। एसआईआर प्रक्रिया के पूर्ण होते ही कार्यक्रम स्थल पर उत्सव जैसा वातावरण बन गया। कठिन और समयबद्ध इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों ने एक-दूसरे को बधाई दी और उपलब्धि की खुशी में कदम थिरकाए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया। उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल ने सभी सुपरवाइजरों और बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए टीमवार सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर का कार्य बीएलओ के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। सीमित समय, तकनीकी जटिलताओं और मैदानी स्तर की कठिनाइयों के बावजूद सभी ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया। उप जिला कलेक्टर ने कहा कि टीम भावना, आपसी समन्वय और सकारात्मक सोच के कारण ही यह लक्ष्य समय पर पूरा हो सका। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह की एकजुटता और कार्यकुशलता भविष्य में भी प्रशासनिक कार्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पालिका की निष्क्रियता से पनपा अतिक्रमण, अब मजबूरी में दिखी सख्ती

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** शहर के व्यस्त बाजारों और प्रमुख चौराहों पर वर्षों से फैला अतिक्रमण किसी एक वर्ग की मनमानी नहीं, बल्कि नगरपालिका प्रशासन की प्रशासनिक निष्क्रियता, कमजोर नियंत्रण और कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही का प्रत्यक्ष प्रमाण है। गणगौरी बाजार, हलवाई बाजार, इंदिरा मार्केट और गांधी चौक जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध ठेले और अस्थायी कब्जे लंबे समय तक खुलेआम संचालित होते रहे, जबकि इन्हें रोकना नगरपालिका के नियमित दायित्वों में शामिल है। यह तथ्य अब छिपा नहीं रह गया है कि यदि समय पर कार्रवाई होती, तो स्थिति इतनी विकराल नहीं होती। नगर पालिका की निगरानी व्यवस्था या तो निष्क्रिय रही या फिर जानबूझकर आंखें मूंदे रखी गईं, जिसका सीधा खामियाजा आम नागरिकों को यातायात अव्यवस्था, दुर्घटना जोखिम और शहर की बदसूरत होती तस्वीर के रूप में भुगतना पड़ा। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने के बाद अब नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में व्यापार महासंघ और पुलिस प्रशासन के साथ बैठकों का दौर शुरू हुआ है। बैठकों में गांधी चौक में ठेलों के नियमन, गणगौरी बाजार को नॉन-वेंडिंग जोन घोषित करने, हलवाई बाजार व इंदिरा मार्केट से ठेलों को हटाकर ज्योतिबा फुले सर्किल पर स्थानांतरित करने तथा गांधी चौक से सब्जी मंडी तक के मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने जैसे निर्णय लिए गए हैं। पॉलीथिन प्रतिबंध जैसे मामलों में भी वर्षों तक प्रभावी कार्रवाई न कर पाने के बाद अब अचानक अभियान चलाने की घोषणा की गई है, जो प्रशासन की पूर्व विफलता की मौन स्वीकृति मानी जा रही है। पुलिस प्रशासन के साथ बैठक में डीवाईएसपी सांभर ने यातायात नियंत्रण, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग का आश्वासन दिया। अब सवाल केवल कार्रवाई का नहीं, जवाबदेही का है। शहरवासियों की अपेक्षा है कि अतिक्रमण को पनपने देने वाले अधिकारियों की प्रशासनिक जवाबदेही तय की जाए, यह स्पष्ट किया जाए कि वर्षों तक नियम लागू क्यों नहीं हुए और भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो यह पूरी कवायद भी पूर्व की तरह दिखावटी सख्ती और कागजी कार्यवाही बनकर रह जाएगी।

## ग्रामीण समस्या समाधान शिविर बना ग्रामीणों के लिए वरदान

जयपुर टाइम्स




**सांभरलेक(निस)।** राज्य सरकार की ओर से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे ग्रामीण समस्या समाधान शिविर क्षेत्रवासियों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बरडोती में आयोजित शिविर में 47 वर्षों से लंबित भूमि विवाद का समाधान कराते हुए मृत व्यक्ति के वारिसों को आखिरकार जमीन का वैधानिक स्वामित्व दिलाया गया। ग्राम पंचायत बरडोती में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता प्रशासक मूलचंद गुर्जर ने की। जानकारी के अनुसार वर्ष 1978 में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति के वारिसों की चार पीढ़ियों के कुल 46 लोगों के बीच आपसी सहमति से भूमि का बंटवारा कराया गया। प्रशासन की पहल पर सभी वारिसों की सहमति से नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर रिकॉर्ड में दर्ज कराई गई, जिससे दशकों से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। शिविर के दौरान उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल ने मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों और नैतिक मूल्यों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन ही नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं का स्थायी समाधान करना है, ताकि ग्रामीणों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में नायब तहसीलदार गंगा बिशन गुजराती, अतिरिक्त विकास अधिकारी महावीर सिंह, गोपाल लाल, पटवारी बबीता वर्मा, डॉ. मंगलचंद यादव, ग्राम विकास अधिकारी सुनील यादव, मनीष प्रजापत, कनिष्ठ लिपिक रूपनारायण कुमावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया। ग्रामीणों ने वर्षों बाद भूमि का स्वामित्व मिलने पर प्रशासन और राज्य सरकार का आभार जताया। उनका कहना था कि इस शिविर से न केवल उनका पुराना विवाद समाप्त हुआ, बल्कि भविष्य में किसी भी तरह की कानूनी उलझन से भी उन्हें राहत मिल गई है। ग्रामीण समस्या समाधान शिविर के माध्यम से सरकार की यह पहल ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम बन रही है।

## खाखडकी स्कूल में पर्यावरण जागरूकता प्रभात फेरी निकाली

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** उपखण्ड के ग्राम खाखड़की के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण व जन-जागरूकता के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह रैली शिक्षा निदेशक और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के आदेशों पर निकाली गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य शरद कुमार कानव ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छ वातावरण से संबंधित नारे लगाते हुए आमजन को जागरूक किया। यह रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के मार्गों से गुजरी और वापस विद्यालय में समाप्त हुई। प्रधानाचार्य कानव ने छात्रों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्रकृति के संरक्षण के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कानव ने विद्यार्थियों से अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण करने तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया। प्रभात फेरी के सफल आयोजन में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। इनमें व्याख्याता चंद्र प्रकाश, पारुन मोहम्मद, वरिष्ठ अध्यापक राजवीर सिंह, कविता शर्मा, अंकिता कुमारी, अध्यापक सुगन सिंह, आशा राम, गणेश राम जाट, गोपाल लाल मीणा, माणक चंद, उर्मिला शर्मा, पंचायत शिक्षक गोपाल लाल जाट, लक्ष्मीकांत और मैना मेघवाल सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। इस कार्यक्रम से विद्यालय और ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सकारात्मक संदेश गया, जिससे विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ी।

## लाखना में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर, 350 से अधिक ग्रामीणों को मिली राहत

जयपुर टाइम्स




**सांगानेर(निस)।** भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र लांखना ग्राम पंचायत में गुरुवार को ग्रामीण समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 350 ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का निरीक्षण अतिरिक्त जिला प्रथम कलेक्टर विनीता सिंह (जयपुर) ने किया। उन्होंने व्यवस्थाओं एवं कार्य प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सांगानेर उपखंड अधिकारी विकास प्रजापत, तहसीलदार विपुल चौधरी, भू-अभिलेख निरीक्षक मुहाना विशाल सिंघल, पटवारी रामजीलाल मीणा, सांगानेर बीडीओ ज्योति प्रजापत, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र चेतीवाल एवं ग्राम पंचायत लांखना की सरपंच मनभर देवी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सरकार की मंशा के अनुरूप समस्याओं के त्वरित निस्तारण की पालना सुनिश्चित करवाई। शिविर में राजस्व विभाग से जुड़े मामलों का प्राथमिकता से समाधान किया गया। इसमें 10 आपसी सहमति से विभाजन, 42 लंबित नामांतरण, 14 सीमाज्ञान, 25 आवासीय भूखंड पट्टे तथा राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि के 58 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी गई। शिविर के दौरान ग्राम सीतारामपुरा निवासी मदनलाल सहित 15 खातेदारों ने 30 वर्षों से लंबित खाता संख्या 102 में पारिवारिक हिस्साशुद्धि का प्रकरण प्रस्तुत किया। सहमति पत्र के आधार पर मौके पर ही रिपोर्ट पेश कर आदेश पारित किए गए, जिससे खातेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। शिविर में राजस्व के साथ-साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत, महिला व बाल विकास, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, आयुर्वेद, सामाजिक न्याय, श्रम सहित अन्य विभागों ने भी भाग लिया। ग्रामीणों ने इस पहल का तालियां बजाकर स्वागत किया।

# छुट्टी पर भी वर्दी का फर्ज निभाया: चलती पिकअप में लगी आग, कांस्टेबल विक्रम मीणा फरिश्ता बनकर आए, बचाए प्राण

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** उपखंड के मारोठ थाना क्षेत्र में मानवता और बहादुरी की एक मिसाल उस समय देखने को मिली, जब सोलाया गांव के पास हलवाई के सामान से भरी एक चलती पिकअप में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घबराए चालक के लिए यह स्थिति किसी बड़े हादसे का संकेत बन चुकी थी, लेकिन तभी वहां मौजूद मारोठ थाने के कांस्टेबल विक्रम मीणा फरिश्ता बनकर सामने आए और अपनी सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना होने से बचा ली। कांस्टेबल विक्रम मीणा उस समय छुट्टी पर थे और अपनी पत्नी के साथ निजी वाहन से अपने गांव सुरेरा जा रहे थे। जैसे ही उनकी नजर सोलाया गांव के पास चलती पिकअप पर पड़ी, जिसमें आग की लपटें उठ रही थीं, उन्होंने बिना एक पल गंवाए स्थिति की गंभीरता को समझ लिया। विक्रम मीणा ने तुरंत अपनी गाड़ी पिकअप के आगे लगाकर उसे रुकवाया और चालक को सुरक्षित दूरी पर ले गए। इसके बाद उन्होंने आसपास के घरों से पानी की बाल्टियां मंगवाईं और खुद आग बुझाने में जुट गए। इस दौरान उनकी पत्नी ने भी साहस और समझदारी का परिचय देते हुए उनका पूरा साथ दिया। दोनों ने मिलकर पिकअप में रखे हलवाई के सामान को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर रखा, ताकि आग फैलने से रोकी जा सके। कुछ ही मिनटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान और संभावित जनहानि टल गई। बताया गया कि पिकअप चालक खाटू श्यामजी क्षेत्र में हलवाई का कार्य करता है और वह सामान लेकर जा रहा था। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आग आसपास के घरों तक फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद हलवाई मालिक ने कांस्टेबल विक्रम मीणा की तत्परता, साहस और मानवीय संवेदना की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि 'जाको राखे साइयां, मार सके ना कोई' की कहावत इस घटना में साकार हो गई। गौरतलब है कि कांस्टेबल विक्रम मीणा वर्तमान में मारोठ थाने में आसूचना अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वे अपने कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार के लिए पहले भी पहचान बना चुके हैं और इससे पूर्व दो मर्डर मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा कर चुके हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा भी पूर्व में सराहना की जा चुकी है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सच्चा पुलिसकर्मी ड्यूटी पर हो या अवकाश पर, समाज और मानवता की सेवा उसके लिए सर्वोपरि होती है। कांस्टेबल विक्रम मीणा की इस पहल ने न केवल एक परिवार की मेहनत बचाई, बल्कि पुलिस की सकारात्मक और संवेदनशील छवि को भी सशक्त किया।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित के जन्मदिन समारोह की तैयारियों में जुटी टीम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित का 20 दिसंबर को जन्मदिन होने के उपलक्ष में टीम मधुसूदन राजपुरोहित के कार्यकर्ताओं की ओर से जन्मदिन को विशेष बनाने के साथ तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही है। 20 दिसंबर को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जन्मदिन पर सुबह 8 बजे कांकड़ भैरुजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए 9 बजे नन्दलाला गौ सेवा समिति गौशाला में गायों को लापसी का भोग लगाकर 10 बजे राजकीय उप जिला अस्पताल में फल वितरण, 11 बजे करणी मेडिकोज ताल मैदान पर पौष बड़ा कार्यक्रम के बाद अन्नपूर्णा रसोई रेलवे स्टेशन पर जरुरतमंदों को भोजन करवाकर प्रधान प्रतिनिधि, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित का सादगी के साथ जन्मदिन मनाया जाएगा। टीम के कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित के जन्मदिन दिवस को विशेष बनाने के लिए पूरी कार्यकर्ता की टीम की ओर से तैयारियां जोरों से की जा रही है। सादगी के साथ जन्म दिवस को मनाया जाएगा और प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित को जन्म दिवस की बधाइयां दी जाएगी।

## स्मारिका विमोचन समारोह 21 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** स्वामी खेतादास समिति लोहार्गल में आगामी 21 दिसम्बर को सुबह साढ़े 11 बजे प्रथम स्मारिका विमोचन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यकम संयोजक हनुमान प्रसाद खटनावलिया ने बताया की कार्यक्रम में दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, विनोद गहनोलिया, स्वामी रामचरण दास महाराज, विधायक रामसहाय वर्मा, विधायक राजेन्द्र भाम्बू, विधायक विक्रमसिंह जाखल, अभा रैगर महासभा के अध्यक्ष बीएल नवल व दयानंद कुरड़िया आदि मंचासीन अतिथि होगें।

## द्वितीय चार्टर संध्या "परचम" 21 को

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायन्स क्लब सुजानगढ की ओर से द्वितीय चार्टर संध्या "परचम" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय अध्यक्ष प्रशान्त पारीक ने बताया कि 21 दिसम्बर की शाम को माहेश्वरी सेवा सदन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पांतपाल एमजेएफ लॉयन सुधीर बाजपेयी रहेंगे। अति विशिष्ट अतिथि डॉ. आशुतोष वशिष्ठ, लॉयन आर एस मदान होंगे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में लॉयन श्रवण केजरीवाल मौजूद रहेंगे। सचिव अशोक जाजू ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एम एस नरूका, जॉन चैयरपर्सन एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में साल भर की सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इसी प्रकार सामाजिक आयोजनों में सहयोग करने वाले भामाशाहों का भी सम्मान क्लब पदाधिकारियों की ओर से किया जाएगा। आयोजन में राजस्थान सहित अनेक राज्यों के लॉयन्स क्लब पदाधिकारी और सदस्य भाग लेंगे।

## सुंदरकांड के पाठ से मिलती है समृद्धिः संदीप शर्मा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्रीरामचरित्र मानस में सुन्दरकाण्ड के नियमित श्रद्धापूर्वक पाठ से श्रद्धालुओं को संकट मोचक की कृपा प्राप्त होती है। इससे सुख - समृद्धि की प्राप्ति और भय का नाश होता है। यह बात इच्छापूर्ण बालाजी मन्दिर के वार्षिकोत्सव में चल रहे सुन्दरकाण्ड पाठ में भाजपा नेता संदीप शर्मा ने कही। उन्होनें कहा कि धार्मिक कार्यक्रम से ही श्रीराम हनुमानजी की कृपा भक्तों को मिलती है। भक्तों को इस बार के संगीतमय सुंदरकांड पाठ की महिमा बताते हुए कथा वाचक पण्डित गौतम मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन अपने घर, मंदिर व प्रतिष्ठान पर सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा पाठ करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। सुंदरकांड का पाठ करने से समग्र समाज की दुख-दरिद्रता समाप्त होगी और जीवन में समृद्धि तथा शांति का आगमन होगा। आरम्भ में पुजारी पुष्करलाल शर्मा की अगुवाई में विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया और विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। कार्यकम में मण्डावा व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय रामगढ़िया, महेश देवड़ा, रमेश उर्फ ईलू हेमाणी , पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, बाबूलाल सैनी, कमलेश मिश्रा, विनोद दिलोईवाला, श्रीकांत जोशी, एसएन बावलिया, प्रमोद पारीक, जेपी टेलर सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जेडीए द्वारा 16 से 24 दिसंबर तक शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन

**जयपुर** राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री महोदय के कृशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि ने जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित किए जा रहे शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी के साथ शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों और उनके निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की एवं पट्टे वितरित किए। इस दौरान जेडीए सचिव निशांत जैन एवं अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन डॉ. प्रिया बलराम शर्मा उपस्थित थे। पृष्टि ने जेडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन के प्रकरणों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को राहत मिल सके। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि दिनांक 16.12.2025 से 24.12.2025 तक (दिनांक 21.12.2025 रविवार को छोड़कर) जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केंद्र में शिविर आयोजित किये जा रहे है।

# सरकार की उपलब्धियों के दावों के बीच धौलपुर की जमीनी हकीकत बेपर्दा

### रीको आवासीय कॉलोनी में दो वर्षों से सीवर ओवरफ्लो

### प्रशासन पर झूठे निस्तारण के गंभीर आरोप

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** एक ओर राजस्थान की भजनलाल सरकार अपने दो वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियों की गाथा गा रही है, वहीं दूसरी ओर धौलपुर जिले में जमीनी स्तर पर विकास कहीं नजर नहीं आ रहा है। जिले की बदहाल सड़कों, फैली गंदगी और सीवर लाइन के ओवरफ्लो ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है। 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धौलपुर दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री की सभा धौलपुर-भरतपुर बाईपास स्थित पचगांव में आयोजित की जा रही है, जो जिला मुख्यालय से लगभग 5-7 किलोमीटर दूर है। सभा स्थल पर प्रशासन की ओर से विशेष साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, लेकिन इसके उलट धौलपुर जिला मुख्यालय की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। यहां टूटी सड़कों, जगह-जगह फैली गंदगी और सीवर लाइन के ओवरफ्लो ने आमजन का जीवन दुश्वार कर रखा है, जिस पर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं दिखाई दे रहा।इसी का एक बड़ा उदाहरण रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित रीको आवासीय कॉलोनी है। कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर कृष्णा धर्म कांटे के पास पिछले लगभग दो वर्षों से सीवर लाइन से गंदा और अत्यंत बदबूदार पानी लगातार बह रहा है। मुख्य सड़क पर स्थायी जलभराव, गहरे गड्ढे, दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से क्षेत्रवासियों में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर जनसमस्या को लेकर कॉलोनी वासियों की ओर से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, नगरीय निकाय व स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री, सचिव व निदेशक, जिला कलेक्टर धौलपुर तथा मुख्य सचिव राजस्थान सरकार को विस्तृत शिकायतें भेजी जा चुकी हैं। बावजूद इसके नगर परिषद धौलपुर और जिला प्रशासन की ओर से आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि राज्य सरकार के संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में बिना स्थल निरीक्षण किए झूठी निस्तारण रिपोर्ट अपलोड कर प्रकरण बंद कर दिए जाते हैं, जो प्रशासनिक लापरवाही और जनता के साथ अन्याय को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व राज्य मानवाधिकार आयोग की ओर से भी जिला कलेक्टर धौलपुर और नगर परिषद को समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे शासनादेशों की अवहेलना का आरोप और गहराता जा रहा है। रीको आवासीय कॉलोनी का यह मार्ग औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख मुख्य मार्ग है। इसकी बदहाल स्थिति के कारण औद्योगिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है और नए उद्योगों के निवेश एवं रोजगार के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। वहीं राजनीतिक स्तर पर भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। धौलपुर जिले में तीन कांग्रेस और एक बहुजन समाज पार्टी के विधायक होने के बावजूद स्थानीय लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को लेकर उदासीन बने हुए हैं। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि सीवर लाइन की स्थायी मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कर गंदे पानी के बहाव को तुरंत रोका जाए, क्षतिग्रस्त मुख्य सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए, संपर्क पोर्टल पर किए गए झूठे निस्तारण की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई हो तथा मानवाधिकार आयोग के निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री के धौलपुर दौरे के दौरान प्रशासन और जनप्रतिनिधि इन जमीनी समस्याओं पर कितना गंभीर रुख अपनाते हैं या फिर विकास केवल मंचों और कागजों तक ही सीमित रहेगा।

## नुआ में समस्या समाधान शिविर,13 खातेदारों का आपसी सहमति से खाता विभाजन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** ग्राम नुआ में गुरुवार को आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर के दौरान प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण और लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान किया गया। ग्राम नुआ निवासी 13 खातेदारों की ग्राम हमीरवास स्थित संयुक्त खातेदारी भूमि का खाता विभाजन शिविर में ही आपसी सहमति से संपन्न कराया गया।
ग्राम नुआ निवासी नंदसिंह, किशन सिंह, शंभू सिंह, दौलत सिंह, जगदीश, प्रेम, जय कंवर, जितेंद्र, जोगेंद्र, योगेंद्र, रतन सिंह, शिवभगवान सिंह व सुरेंद्र सिंह का संयुक्त खाता काफी समय से बिना विभाजन के लंबित था। शिविर के दौरान उपस्थित तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर के संज्ञान में मामला आने पर उन्होंने तत्परता दिखाते हुए संबंधित भू-अभिलेख निरीक्षक व हल्का पटवारी को सभी खातेदारों को मौके पर बुलाकर खाता विभाजन की कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार सभी खातेदार शिविर स्थल पर उपस्थित हुए और आपसी सहमति से उसी दिन खाता विभाजन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। वर्षों से चली आ रही समस्या के समाधान से खातेदारों में संतोष और खुशी का माहौल रहा।
इस कार्य को सफल बनाने में भू-अभिलेख निरीक्षक सतीश झुर्रिया व हल्का पटवारी राजेंद्र खिचड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए शिविर को अत्यंत लाभकारी बताया। ग्रामीण समस्या समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है।।

## अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 20 व 21 दिसंबर को

जयपुर टाइम्स

**अलवर।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग का आयोजन आगामी 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को धूलिया (महाराष्ट्र) में होने जा रहा है। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंघानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग का आयोजन अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमेन प्रदीप मित्तल के सानिध्य में एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल की अध्यक्षता में किया जा रहा है। और आगे बताया की इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग में समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए वैवाहिक बायोडाटा बैंक, प्री वेडिंग शूट बंद करना, मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए सीमित खर्चों पर अग्रसेन कन्या विवाह योजना, समाज में विवाह संबंधों में हो रहे संबंध विच्छेद एवं अन्य सामाजिक विवादों के लिए अग्र पंचायत का गठन, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन सामूहिकता की भावना से किए जाए (तुलसी विवाह, ग्यारस उद्यापन, ऋषि पंचमी, पूनम उद्यापन, गया श्राद्ध, एवं अन्य प्रचलित धार्मिक रीति रिवाज), हम पांच योजना के अंतर्गत 2 से अधिक बच्चों के जन्म पर उन दंपतियों को पुरस्कृत कर उनको प्रोत्साहित करना।
देश की सभी अग्रवाल संस्थाएं, अग्रवाल संस्थान, अग्रवाल परिवारों की जानकारी एक मंच पर उपलब्ध करवाने के लिए अग्रसेन अग्रोहा अग्रवाल फाउंडेशन पंजीकरण अभियान सहित काफ़ी समाजोपयोगी विषयों पर मंथन एवं समीक्षा करके महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मीटिंग का आयोजन धूलिया अग्रवाल समाज एवं महाराष्ट्र राज्य अग्रवाल सम्मलेन के आतिथ्य में किया जा रहा है। मीटिंग मे देश के सभी प्रांतों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहकर आगामी समय में अग्रवाल संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण करेंगे। एवं इस मीटिंग को लेकर प्रदेश कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल है व पूरी आयोजन समिति उत्साहपूर्वक आयोजन की तैयारी कर रही है। इस बैठक में अलवर जिले से अशोक सिंघानिया, रामनिवास गोयल (मंडावर वाले), अनिल अग्रवाल, मोहनलाल मित्तल, नरेश गर्ग, दामोदर प्रसाद गोयल एवं पूर्ण चंद्र गर्ग इस बैठक में प्रतिनिधित्व करेंगे।

## शहरी समस्या समाधान शिविर में 43 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निस)।।** नगर परिषद खैरथल के सभागार में 'शहरी समस्या समाधान शिविर 2025' के अन्तर्गत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन की विभिन्न शहरी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान कृषि भूमि पर बसी स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत पट्टों के 02 आवेदन प्राप्त हुए तथा 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। नाम हस्तान्तरण के 03 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से सभी का निस्तारण किया गया। भूखण्डों के उप-विभाजन से संबंधित 01 पत्रावली का निस्तारण किया गया। जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित 12 प्रकरण, जन आधार संशोधन एवं सदस्य जोड़ने के 07 प्रकरणों सहित कुल 43 प्रकरणों का शिविर में समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 13 से 15 खैरथल तथा ग्राम दॉतला, शाहपुर एवं अगवानी से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया गया। स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतों का समाधान करते हुए मौके पर 09 स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कर चालू किया गया तथा 05 नई स्ट्रीट लाइटें खाली पोलों पर स्थापित करवाई गईं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 05 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक आवेदक को बैंक द्वारा ऋण का वितरण किया गया। नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई कि 'शहरी समस्या समाधान शिविर 2025' का आयोजन दिनांक 19 दिसंबर 2025 को भी सभागार नगर परिषद खैरथल में किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

## 'शहरी समस्या समाधान 2025 'के तहत वार्डवार कैम्प से आमजन को मिल रही राहत

### जगतपुरा जोन एवं झालाना जोन में आयोजित "शहरी समस्या समाधान शिविर"

### शुक्रवार को आयोजित होगा मालवीय नगर जोन में फोलोअप शिविर



**जयपुर** नगर निगम जयपुर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16 दिसम्बर 2025 से 24 दिसम्बर 2025 तक 'शहरी समस्या समाधान 2025' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को जगतपुरा जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण जगतपुरा जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 59 से 63 एवं 68 कार्यालय जगतपुरा जोन नन्दपुरी अण्डरपास एवं झालाना जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण झालाना जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 64 से 67 एवं 69 से 72 कार्यालय जगतपुरा जोन नन्दपुरी अण्डरपास में आयोजित किया गया। वार्डवार शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। 19 दिसम्बर 2025, शुक्रवार को मालवीय नगर जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण मालवीय नगर जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 73 से 87 जोन कार्यालय गैराज परिसर लाल कोठी में आयोजित किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त डॉ? गौरव सैनी ने बताया कि "शहरी समस्या समाधान शिविर-2025" के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। समस्याओं को चिह्नित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 10.00 बजे से 05:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जगतपुरा के स्थानीय निवासी श्री किशन मीणा जी ने जगतपुरा जोन में चल रहे शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 में आए और अपने विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया आवश्यक दस्तावेज लगाकर आवेदन जमा करने के कुछ समय पश्चात ही बिना किसी परेशानी के त्वरित गति के साथ श्री किशन मीणा जी को शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 के तहत विवाह प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया जिससे श्री किशन मीणा जी के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई और इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार का बहुत धन्यवाद व्यक्त किया। जगतपुरा कच्ची बस्ती के स्थानीय निवासी श्री नरेश कुमार जी ने जगतपुरा जोन में चल रहे शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोन के लिए आवेदन किया ।

## सचिव रेखा यादव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए महिला अधिकारिता विभाग की ओर से निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान सचिव की ओर से सखी वन स्टॉप सेंटर की ओर से पीडित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और वन स्टॉप सेंटर में दर्ज हिंसा पीड़ित महिलाओं के केस रजिस्टर की जांच की और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा, कानूनी सहायता व मानसिक परामर्श सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की व वन स्टॉप सेंटर की ओर से संधारित रजिस्टरों का अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान वन स्टॉप सेन्टर मे एक बालिका मिलीं व वनस्टॉप इंचार्ज ने बताया कि आज दिनांक तक दो बालिकाएं थीं जिनमें एक बालिका को उसके घर भेज दिया गया है। सचिव ने वनस्टॉप सेंटर पर उपस्थित बालिका से उसके प्रकरण के बारे में जानकारी ली व वनस्टॉप स्टोप सेंटर में किसी भी परेशानी के बारे में भी पूछा तो बालिका ने किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होना बताया। निरीक्षण दौरान सचिव ने वनस्टॉप इंचार्ज को निर्देशित किया कि उपस्थित बालिका का विशेष ध्यान रखे एवं जो भी उसकी परेशानी हो उसका तुरंत निस्तारण करें। सचिव की ओर से उपस्थित बालिका को भविष्य में कोई गलत कार्य न करने की प्रेरणा दी साथ ही वन स्टॉप सेंटर में स्थित कमरों की साफ-सफाई इत्यादि का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वन स्टॉप सेंटर में तैनात स्टाफ को निर्देश दिए कि हर पीड़िता को आवश्यकतानुसार निशुल्क कानूनी सहायता सुनिश्चित की जाए साथ ही सर्दी के मौसम को देखते हुए बचाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सचिव ने बताया कि 181 महिला हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से महिलाएं व बच्चे किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या सरकारी योजना से संबंधित सहायता के लिए सीधे संपर्क कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन पीड़ितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, शिकायत दर्ज करने और त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए कार्यरत है। सरकार की ओर से प्रत्येक जिले में पीडित महिलाओं को विधिक सलाह व सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किये गये हैं। पीड़ित व जरूरतमंद महिलाओं को सखी सेन्टर की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने व साफ-सफाई के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर स्टेनो राहुल डंडौतिया व वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ मौजूद रहा।

# जिला प्रशासन व विभागीय समन्वय से लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के सरकारी संकल्प को प्रदेश ने जमीनी स्तर पर साकार किया : बेढम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से गत दो वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में महिला सशक्तिकरण, किसान समृद्धि, युवा, श्रमिक उन्नयन और आमजन को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं। जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि जिला प्रशासन व विभागीय समन्वय के माध्यम से लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के सरकारी संकल्प को प्रदेश ने जमीनी स्तर पर साकार किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। सभी वर्गो के लिए सामाजिक व आर्थिक सुविधा प्रदान की जा रही है। पूर्व में सिर्फ बीपीएल परिवार की गृहणियों को मिलने वाला गैस सिलेण्डर को सभी वर्ग की महिलाओं को 450 रूपये में सिलेण्डर दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ अन्नपूर्णा रसोई के अन्तर्गत 400 ग्राम से बढ़ाकर 600 ग्राम किया गया। 17 रूपये सब्सिडी को 22 रूपये बढ़ा दी। 75 वर्ष से कम के पेंशनरों की 250 रूपये पेंशन बढ़ाकर 1250 रूपये कर दी। राजस्थान प्रदेश पूरे भारत में पहला प्रदेश है जहां पर 47 लाख 47 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्यय सुरक्षा के तहत गिव अप किया। राजस्थान राज्य के 70 लाख लोगों खाद्यय सुरक्षा में नाम जोड़े गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 36 हजार लोगों को आवास पूर्ण करके दिए। इसके साथ 2 लाख से अधिक घूमंतु व अद्धघूमन्तु परिवार के लोगों को पट्टे जारी



करने का कार्य किया। स्वामित्व योजना के तहत 8 हजार 58 गांव में ड्रोन सर्वे कराकर 13 लाख 70 हजार लोगों को स्वामित्व कार्ड जारी करने का ऐतिहासिक कार्य किया। हॉस्टल व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम कर दी। युवाओं के लिए 2 वर्षो में 1 लाख 36 हजार युवाओं को नौकरी देने के लिए सरकार पूरी तरिके से तैयार है। 32 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का कार्य किया। राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त बालक-बालिकाओं तथा कक्षा 9 से 12 की बालिकाओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग वितरित करने का कार्य किया। 41 लाख 25 हजार विद्यार्थियों को 800 रूपये प्रति विद्यार्थी अनुसार 20 करोड़ रूपये सीधे खाते में जमा किए। 10 लाख 51 हजार साईकिलें वितरित की गई। मेधावी विद्यार्थी को 88 लाख 724 टेबलेट वितरित किए गए। मैस भत्ते के 2 हजार से बढ़ाकर 3 हजार रूपये किए गए। किसानों के लिए भी सरकार की ओर से बेहतरीन कदम उठाए गए है। प्रधानमंत्री की ओर से प्रत्येक किसान को 6 हजार रूपये प्रतिवर्ष दिया जाता था। परन्तु मुख्यमंत्री की ओर से 3 हजार रूपए प्रति किसान दिए गए। जिससे प्रत्येक किसान को 9 हजार रूपये उपलब्ध कराए गए। किसानों को 44 हजार करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरित करने का कार्य किया। फसल बीमा योजना के तहत 6 हजार 207 करोड़ के बीमा क्लेम वितरित करने का कार्य किया।

### समृद्ध महिला-सशक्त महिला:

केंद्र सरकार की महिला कल्याण की योजनाओं से प्रदेश के सामाजिक ढांचे में सकारात्मक बदलाव आया है। पीएम मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रदेश की 9.92 लाख महिलाओं को 531 करोड़ रुपए की सहायता राशि उलब्ध करवाई गई है। इसी प्रकार लखपति दीदी योजना से राज्य में 19.45 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है और 12.06 लाख महिलाएँ आर्थिक रूप से लखपति दीदी बन गई हैं। डबल इंजन की सरकार ने इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जिसमें करोड़ों रुपए के निवेश अब तक धरातल पर उतर चुके हैं। इसी प्रकार केन्द्रीय उपक्रमों के साथ 2.61 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे भविष्य में बड़े स्तर पर औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा।

### अटल ज्ञान केंद्रों की विशेषताएं

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति की नींव को सशक्त करने की दिशा में अटल ज्ञान केंद्र राजस्थान सरकार की एक अनूठी पहल है, जो ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है। प्रत्येक केंद्र में ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध होगी, जहां पुस्तकें और शैक्षणिक सामग्री डिजिटल रूप में मौजूद रहेगी। कंप्यूटर और इंटरनेट की व्यवस्था से युवा ऑनलाइन अध्ययन कर सकेंगे। विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित सेक्शन होगा।

### पहले चरण की प्रगति

अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना के कार्य को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। फेज-1 के अंतर्गत 3,000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत मुख्यालयों को प्राथमिकता दी गई है। अब तक 1,274 केंद्रों को चिन्हित किया जा चुका है और इनके लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस चरण के बाद प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को कवर किया जाएगा ताकि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र पीछे न छूटे। केंद्रीय योजना जल जीवन मिशन ने प्रदेश के लाखों परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया है। गत दो वर्षों में 13 लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन से पीने के पानी के कनेक्शन दिए गए हैं, जिसमें 10 हजार 482 करोड़ रुपये व्यय किये गए हैं।

### आमजन बन रहा ऊर्जादाता

ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में राजस्थान लगातार आगे बढ़ रहा है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1.09 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 441 मेगावाट है। पीएम कुसुम योजना को बीते दो वर्षों में राज्य सरकार ने मजबूत इच्छाशक्ति के साथ धरातल पर गति दी है। दिसम्बर, 2023 में जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की बागडोर संभाली, तब कंपोनेंट-ए व कंपोनेंट-सी में मात्र 122 मेगावाट क्षमता के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र ही स्थापित हुए थे। विगत दो वर्षों में इस योजना में 2460 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इसका अर्थ यह है कि मात्र दो वर्षों में ही 2338 मेगावाट क्षमता सृजित की गई है। इस योजना के कारण प्रदेश का आम किसान ऊर्जादाता बना है और प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता के नए युग की शुरूआत हुई है। इन संयंत्रो से निर्मित ऊर्जा से 1.54 लाख किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान सहायक निदेशक सूचना व जन सम्पर्क राजकुमार मीणा, जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत, सुखराम कोली, शिवचरण कुशवाह, मुकेश सक्सैना, सत्येन्द्र पाराशर, वाचाराम बघेल, विजय त्यागी, शैलेन्द्र यादव, अकिल अहमद, नन्दकिशोर शुक्ला, कमल पहाड़िया सहित जनप्रतिनिधि व मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## गौवंश को बंद कर भूखा-प्यासा रखने का आरोप



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** चाँदजी की खेड़ी में गौवंश को कथित रूप से भूखा-प्यासा रख कर आंगनबाड़ी भवन में बंद किए जाने के आरोप लगाते हुए बिजौलियां के गौ सेवकों की ओर से विजेश धाकड़, कैलाश सुथार व अन्य व्यक्तियों के खिलाफ बुधवार को बिजौलियां थाने में रिपोर्ट दी गई।बुधवार को बैलों को ट्रक में भर कर अन्यत्र ले जाने के दौरान गौ सेवक मौके पर पहुंच गए और इसका विरोध जताने पर विजेश धाकड़, कैलाश सुथार व अन्य व्यक्तियों से कहासुनी हो गई।गौसेवकों की ओर से दी गई रिपोर्ट में उक्त व्यक्तियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। वहीं चाँदजी के खेड़ी के ग्रामीणों ने गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि बैल खेतों में घुस कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। ग्रामवासी बैलों को गौशाला में छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान मौके पर पहुंचे गौसेवक कथित रूप से ग्रामीणों से बदतमीजी करने लगे। ग्रामीणों ने समझाया लेकिन ये नहीं माने। ज्ञापन में गौसेवा के नाम पर सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने व ग्रामीणों को धमकी देने का आरोप भी लगाया।

## शिविर बना समाधान और राहत का जरिया



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर का आयोजन रा.उ.मा. बिजौलियां खुर्द में उपखंड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ निर्देशन में किया गया।शिविर के दौरान ग्राम बिजौलियां खुर्द की खाता संख्या 690 के भूमि विभाजन से संबंधित प्रकरण में प्राप्त प्रार्थना-पत्र पर उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार तहसीलदार ललित डिडवानिया की ओर से दोनों पक्षकारों की सहमति से मौके पर ही अभिलेखों का परीक्षण किया गया और विधिसम्मत आदेश पारित करते हुए प्रकरण का तत्काल निस्तारण किया।

## राजाखेड़ा में कनिष्ठ लिपिक पर भ्रष्टाचार के आरोप, अभिभाषक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा नगर पालिका के एक कनिष्ठ लिपिक पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अवैध वसूली और भेदभावपूर्ण कार्रवाई के आरोप लगाते हुए राजाखेड़ा अभिभाषक संघ ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कनिष्ठ लिपिक ने अवैध रूप से अभियान का नेतृत्व करते हुए लोगों से अतिक्रमण न हटाने के बदले पैसे वसूले। आरोप है कि जिनसे राशि ली गई, उनका अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जबकि जिनका अतिक्रमण नहीं था, उनसे भी जबरन वसूली की गई। इस दौरान सीनियर अधिवक्ता विजय प्रकाश श्रीवास्तव की निजी सीमा में बनी रैंप को भी तोड़ दिया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रामचरित्र शर्मा सहित कई अधिवक्ता ज्ञापन सौंपते समय मौजूद रहे। वहीं नगर पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी देवेंद्र कुमार तिवारी ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि नगर पालिका ने केवल सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया है और किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की गई।

## प्रबुद्धजन विचार गोष्ठी में डॉ. महेश शर्मा होंगें मुख्य वक्ता

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विद्या भारती संस्थान की विद्वत परिषद की ओर से 21 दिसम्बर को प्रबुद्धजन विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। विद्वत परिषद के जिला संयोजक अनुराग शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और जीवन मूल्य, समाज जागरण में विद्या भारती की भूमिका और पंच परिवर्तन और हमारी भूमिका विषय पर डॉ. महेश शर्मा पूर्व सांसद और निदेशक दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान, नई दिल्ली, प्रो. भरतराम कुम्हार पूर्व अध्यक्ष राजस्थान शिक्षा बोर्ड और उपाध्यक्ष विद्या भारती राजस्थान तथा उत्कर्ष विभाग प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर विभाग प्रबुद्ध जनों को सम्बोधित करेंगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रोहा करेंगे। गोष्ठी के आयोजन के लिए तैयारी बैठक में विद्या भारती धौलपुर के जिलाध्यक्ष नाहर सिंह सिकरवार, व्यवस्थापक यदुनाथ शर्मा, जिला सचिव जयवीर शर्मा और सदस्य मुकेश सूतैल और राम शर्मा ने जिले के प्रबुद्धजनों से रविवार को स्थानीय भार्गव वाटिका में दोपहर 2 बजे उपस्थित होने की अपील की है।

## *एसएमसी और एसडीएमसी की दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित*

### कार्यशाला में श्रेष्ठ एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों सहित भामाशाहों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) और एसडीएमसी (विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति) क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षणों का आयोजन स्कूलों में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने और मिड-डे मील व अन्य फंड के सही उपयोग की निगरानी के लिए होता है। इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुहारी में प्रधानाचार्य अम्बरीष चौधरी की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती शारदे की पूजा आराधना से हुआ। मास्टर ट्रेनर भगवान सिंह मीना व उपमा शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य अम्बरीष चौधरी ने बताया कि इन समितियों को सशक्त बनाने और उनके सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए जिलेभर में कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें स्कूल के विकास और प्रबंधन के लिए सदस्यों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में बताया जा रहा है। एमटी भगवान सिंह मीना ने समिति के उद्देश्य बताते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना, अभिभावकों और स्थानीय लोगों को जोड़ना, और स्कूल के फंड (जैसे मिड-डे मील) के सही इस्तेमाल पर नज़र रखना सहित अन्य जानकारी साझा की। उन्होंने साधारण सभा की बैठकें व नए सदस्यों के चुनाव और सर्वसम्मति से निर्णय लेने के लिए विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर उपमा शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशालाएं सदस्यों को उनके कर्तव्यों और शक्तियों को समझाने के लिए एवं जागरूकता कार्यक्रम से जोड़कर सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए आयोजित होती है। उन्होंने स्कूल विकास योजनाओं पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि ये समितियां स्कूल के समग्र विकास, नामांकन बढ़ाने और शैक्षिक व सह - शैक्षिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिक्षा को समुदाय के करीब लाने और स्कूल के बेहतर प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थागत प्रक्रिया है, जिसमें नियमित बैठकें, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। समिति के सदस्यों ने अपने अपने अनुभव व विचार साझा किए। इस अवसर पर समिति सदस्य अनिल शर्मा, सचिव जितेंद्र कुमार शर्मा, अजीत कुमार, मंजू चौहान, प्रभु सिंह, रामकिशोर सहित अन्य मौजूद रहे।

## राजाखेड़ा में बकाया वसूली को लेकर दिए कड़ी कार्रवाई के आदेश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जयपुर डिस्कॉम धौलपुर कार्यवाहक अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने निगम के उच्चाधिकारियों के आदेशों के पालना में विभाग के भारी बकाया राजस्व को जमा करवाने के लिए अपनी टीम के की मीटिंग लेकर कर कड़े कदम उठाने के लिए कहा कि तीनों कनिष्ठ अभियंता अपने अपने एरिया में बकाया राशि वाले सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन डीसी करें, ट्रांसफार्मर को उठा कर कार्यालय में जमा करें।कोई भी बकायादार कनेक्शन रहना नहीं चाहिए, इसके के लिए अगर पुलिस कार्यवाही की जरूरत हो तो वो भी करें। सहायक अभियंता ने सभी कनिष्ठ अभियंताओं को कहा कि सभी अपनी टीम के साथ आज ही कार्यवाही शुरू करे। जिसके बाद कनिष्ठ अभियंता शहर मयंक मिश्रा की ओर से 10 बकायादारों के करीब 8.6 लाख की बकाया राशि पर डीसी किए, और 5 विद्युत चोरी पकड़ी जिन पर करीब 1.5 लाख का मौके पर ही जुर्माना लगाया और पूर्व में भरी वीसीआर के 12 लोगों के जुर्माना राशि जमा की और डीसी पीडीसी उपभोक्ताओं के लोक अदालत के नोटिस बंटवाए गए। कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण विशाल जायसवाल ने कार्यवाही करते हुए भारी बकाया राशि वाले 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन करीब 28 लाख बकाया पर डीसी किए गए ,6 विद्युत चोरी पकड़ कर करीब 1.7 लाख का जुर्माना लगाया गया और डीसी पीडीसी के लोक अदालत के नोटिस बंटवाए गए।कनिष्ठ अभियंता मरैना रणवीर सिंह मूंड ने कार्यवाही करते हुए 28 बकायादारों के करीब 24 लाख पर कनेक्शन डीसी किए गए,डीसी पीडीसी उपभोक्ताओं के लोक अदालत के नोटिस बंटवाए गए। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने बताया कि 21



दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पुराने कटे पड़े और पुरानी वीसीआर के जुर्माने में भारी छूट देते हुए मामलों को निपटाया जाएगा। तिवारी ने बताया कि 4019 डीसी पीडीसी के करीब 11 करोड़ बकाया राशि के नोटिस जारी किए है,1347 वीसीआर मामलों के करीब 2 करोड़ के नोटिस जारी किए गए हैं। तिवारी ने लोगों से अपील की वे अपने बकाया राशि को लोक अदालत के माध्यम से भारी छूट लेकर निपटा सकते हैं। ये बकायादारों के लिए सुनहरा अवसर है जिसका सभी फायदा उठाएं अन्यथा इसके बाद पीडीसी उपभोक्ताओं के खिलाफ यूडीआर एक्ट में कार्यवाही की जाएगी। बकाया वीसीआर के मामले में एफआईआर दर्ज करवाने की कार्यवाही की जाएगी।

## रीको ने भी माना सीवर समस्या का गंभीर होना, नगर परिषद से कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित ओडेला रोड पर सीवर लाइन से लगातार गंदा और अत्यंत बदबूदार पानी निकलने की समस्या को लेकर अब रीको प्रशासन ने भी औपचारिक रूप से संज्ञान लिया है। रीको धौलपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से इस संबंध में नगर परिषद धौलपुर को लिखित पत्र भेजकर सीवर लाइन शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की गई है। रीको कार्यालय से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि ओडेला रोड पर भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के पास स्थित सीवर लाइन पिछले काफी समय से ओवरफ्लो हो रही है। इसके कारण औद्योगिक क्षेत्र की सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे उद्योगों के साथ-साथ आसपास स्थित आवासीय कॉलोनी के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि सीवर लाइन से लगातार गंदा पानी निकलने के कारण सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क को और अधिक नुकसान होने की आशंका है, जिससे उद्योगों और कॉलोनीवासियों की समस्याएं बढ़ेंगी। रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक ने नगर परिषद से आग्रह किया है कि संबंधित सीवर लाइन को तत्काल सही कराया जाए, ताकि सड़क को और अधिक क्षति से बचाया जा सके और औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## एक दिवसीय रोजगार शिविर में सैंकड़ों लोगों को मिला रोजगार

**धौलपुर(निस)।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन कार्यालय परिसर धूलकोट में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में 725 आशार्थी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि आईकोनिक ग्लास इंडस्ट्री धौलपुर की ओर से 2, आमधाने प्रा.लि. की ओर से 18, आईसीएल धौलपुर की ओर से 18, एलआईसी धौलपुर की ओर से 14, पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि. की ओर से 37, रेक्सा सिक्योरिटी सर्विसेस की ओर से 70, जी4एस सिक्योर सोलूशन की ओर से 40, सातविक सोलर प्रा.लि. की ओर से 8, लेबरनेट लिवलिहुड फाउंडेशन की ओर से 13, लेडर स्टार सिक्योरिटी सर्विसेस की ओर से 17, निकिता ग्रुप सिक्योरिटी सर्विसेस की ओर से 34, वेसंस पेपर मिल की ओर से 5 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। इसके साथ ही पीएनबी आरएसईटीआई धौलपुर, 17 व फ्रिडम एम्प्लोयबिलिटी एकेडमी की ओर से 10 आशार्थियों का प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया।

## सचिव रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण व किशोर गृह का आकस्मिक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला व सेशन न्यायाधीश रेखा यादव की ओर से राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 6 विधि से संघर्षरत 3 देखरेख एवं संरक्षण, 3 शिशु उपस्थित मिले। सचिव ने बाल अपचारियों से उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, शौचालय एवं स्नानघर की साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। विधि से संघर्षरत किशोरों से उनके केस की पैरवी के सम्बंध में पूछताछ में प्रभारी अधीक्षक ने बताया गया कि सभी किशोर के पास अधिवक्ता उपलब्ध है और सचिव ने सभी बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली और भविष्य से कोई भी गलत कार्य न करने के लिए भी प्रेरित किया और जेल से बाहर जाकर अच्छे कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग जिला खण्ड, शाहपुरा जयपुर**

क्रमांकः- अअशा / निविदा / 2025-26 / 3259 दिनांक :-12.12.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 09 / 2025-26 प्रकाशन बाबत् ।**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से सिविल कार्य (चार) अनुमानित राशि रू. 26.84 लाख (मय डीएलपी अवधि) के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 23.12.2025 सांय 6:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। संबंधित पूर्ण विवरण वेब साईट http// dipr.rajasthan gov .in / tenders .asp, http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। http//eproc.rajasthan.gov.in
एवं
1. UBN No. PWD2526WSOB18951 1. UBN No. PWD2526WSOB18952
1. UBN No. PWD2526WSOB18953 1. UBN No. PWD2526WSOB18954

भवदीय
अधिशाषी अभियन्ता,
सा0नि0वि0 जिला खण्ड, शाहपुरा ( जयपुर )
DIPR/C/18714/2025

**कार्यालय,नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा (कोटपूतली - बहरोड़)**

**नवोदय स्कुल के पास पावटा - 303106, राज0**

फोन. 01421-294619 Email.IdÑ Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com

क्रमांक :न.पा.पाव.प्रा./2025-26 / भूमिं / 1022 दिनांक-16/12/2025

**आपत्ती आमंत्रण सूचना**

निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में 69-क/स्टेट ग्रांट / कृषि भूमि नियमन पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपत्ती हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

| क्र.सं | आवेदक का नाम व पता | खसरा संख्या | राजस्व ग्राम | क्षेत्रफल (वर्गगज /वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री महेश चन्द पुत्र श्री बोदूराम यादव | 3040/2029 | पावटा | 65.34 | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
19 दिसम्बर, 2025

## जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं का निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष सफलता पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकाश रथ से योजनाओं का प्रचार प्रसार विधानसभा के विभिन्न पंचायतों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन की मूलभूत समस्याओं का निस्तारण सहजता व सुलभता के साथ होना चाहिए। जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्र में नई सड़क बनवाने, सड़क मरम्मत करवाने, जर्जर विद्युत पोल बदलवाने, नया विद्युत कनेक्शन करवाने, आपणी योजना में जल कनेक्शन करवाने, जल आपूर्ति सुचारू करवाने, ट्यूबवेल में ख़राब मोटर बदलवाने व शिक्षा, चिकित्सा सहित अनेक विषयों पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए।

## व्यापारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए समझाइश




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तारानगर नगर पालिका की ओर से स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को प्लास्टिक बैन अवेयरनेस व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम की गतिविधियाँ शहर की सब्जीमंडी व विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। पालिका ईओ अजय प्रताप सिह ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही कपड़े के थेलों का सब्जीमंडी और छोटे विक्रेता दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित किए गए व लोगों से प्लास्टिक - पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की अपील की गई। पालिका टीम ने दुकानदारों व्यापारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक की समझाइश की।

## अभिभाषक संघ तारानगर की कार्यकारिणी का विस्तार



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर अभिभाषक संघ तारानगर की कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाकर एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। हाल ही बार संघ के हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रभुदयाल सहारण, उपाध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा, महासचिव पद पर अंशुल शर्मा व कोषाध्यक्ष पद पर बिलाल अहमद निर्वाचित हुए थे। एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि बार संघ तारानगर के इतिहास में पहली बार चुनाव से हमारे पैनल के चारों पदाधिकारी निर्वाचित हुए हैं निर्वाचित पदाधिकारी अंशुल शर्मा व बिलाल अहमद की मौजूदगी में बार संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण ने बार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें संयुक्त सचिव पद पर दीपक शर्मा, संगठन सचिव पद पर विकास सैनी, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र रॉयल, सहकोषाध्यक्ष पद पर सुमित जांगिड़ एवं मीडिया प्रभारी पद पर नरेंद्र प्रजापत को मनोनीत कर कार्यकारिणी का गठन किया है। एडवोकेट देवकरण प्रजापत ने संघ के समस्त निर्वाचित हुए व मनोनीत पदाधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर अभिभाषक के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्रकरणों के शीघ्र ही निस्तारण के निर्देश दिए

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने मंगलवार को तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बुचावास में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर फॉलोअप कैंप, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु अस्पताल का निरीक्षण किया। पशु अस्पताल प्रभारी डॉ मनोज सहारण को ग्राम पंचायत स्तर पर दुधारू पशुओं के समय पर टीकाकरण करने के लिए निर्देशित किया। फॉलोअप कैंप में सभी अधिकारियों को कैंप में प्राप्त सभी प्रकरणों को शीघ्र ही निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। राज्य सरकार की सभी योजना प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेगी इसके लिए उपस्थित सभी ग्रामीणों को आश्वस्त किया।




# डबल इंजन सरकार ने जनहितों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए: सहारण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर नेचर पार्क में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की तथा पौधरोपण व कपड़े के थैले वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर अतिथियों ने आरआरआर सेंटर व इको क्लब में बेहतरीन कार्य करने वाले विद्यार्थियों व विद्यालयों को प्रशस्ति-पत्रा प्रदान कर सम्मानित किया तथा विकास रथ का माल्यार्पण कर व पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए हैं। प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित कर पूरा किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में विकास रथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जा रहे हैं। आमजन विकास रथों में रखी सुझाव पेटिका में अपने सुझाव दे सकते हैं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि हम सभी पर्यावरणीय जीवन शैली अपनाएं। वैश्वीकरण से हुई प्रगति के लोभ में हमने प्राकृतिक संसाधनों का अतिदोहन किया है। हम सभी मानवता के अस्तित्व के लिए वन क्षेत्रा को बढ़ाने का प्राथमिक दायित्व बनाएं और पर्यावरणीय संतुलन के लिए सक्रिय प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आमजन दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाएं और 'यूज व थ्रो' कल्चर से पर्यावरण पर बढ़े दबाव को कम करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव संभव हैं। उन्होंने आरआरआर सेंटर एवं इको क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अनुपयोगी सामग्री को मुख्यमंत्रा सद्भावना केन्द्रों पर जमा करवाएं ताकि जरूरतमंदों के काम आ सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रा भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण अभियान, सफाई अभियान, गौसेवा सहित सभी कार्यक्रम जनसहभागिता से पूरें हों। इस अवसर पर अतिथियों ने आरआरआर सेंटर पर बेहतरीन कार्य करने राउमावि पूलासर, राउमावि बुचावास व राउमावि बीरमसर और इको क्लब में बेहतरीन कार्य करने वाले पीएमश्री राउमावि सीतसर, पीएमश्री राउमावि खेजड़ा व राउमावि लसेड़ी के प्रधानाचार्य, प्रभारी व विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्रा प्रदान कर सम्मानित किया। केजीबीवी की छात्राओं ने नृत्य नाटिका से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान निर्वतमान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विमला गढ़वाल, सीडीईओ संतोष महर्षि, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, एडीपीसी सरिता आत्रोय, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, सत्यनारायण सहारण, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, श्रीराम शर्मा, दीनदयाल सैनी, मोहन गढ़वाल, सुनील ढ़ाका, आकाश सैनी, मुकुल भाटी, एसीएफ महेन्द्र लेखाला, मनीष, रेंजर दीपचंद, रणजीत सहित अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।



## कार्यकर्ताओं ने गौशालाओं में गायों की सेवा



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विधानसभा के पड़िहारा स्थित गौशाला, जैतासर गौशाला में व जैतासर स्तिथ जसनाथ बाल विद्या मंदिर स्कूल में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे 'सेवा संकल्प' के अंतर्गत अभिनंदन किया गया। इस दौरान गौशालाओ में हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौ सेवा व स्कूल में कृष्णा भोग योजना के तहत बच्चों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महर्षि ने कहा कि जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा कार्य करना हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। भाजपा सदैव सेवा कार्य को प्राथमिकता से करती है और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर सेवा कार्य करना अपने आप में अनूठी मिसाल है।

इस दौरान सरपंच जगजीत सिंह राठौड़, भाजपा पड़िहारा मंडल अध्यक्ष श्योपाल मेघवाल, चाड़वास मंडल अध्यक्ष करणी सिंह, लोहा ग्राम पंचायत सरपंच भंवर पूनियां, मंडल महामंत्री हंसराज नायक, किशन नाइ, भागुनाथ, भवरलाल पारीक, बजरंग जोशी, भंवर सिंह भाटी, द्वारिका सिंह, ताराचंद पारीक, भंवरलाल मेघवाल, चुनाराम तरड़, चेतनराम माली, राजेन्द्र हर्षवाल, राजेंद्र गुर्जर, ओमप्रकाश शर्मा, रेवंतराम शर्मा, भंवलाल बगड़िया, हेमराज मुरारका, गुलाराम नायक, नारायण प्रजापत, राजेंद्र मेघवाल, मगाराम, ओंकार माली, राजेंद्र ठेकेदार, काननाथ, पुनाराम प्रजापत, लिखमाराम प्रजापत, चेतन नाथ गोदारा, सोहनलाल मूंड, मेघराज भार्गव, मामराज सुथार, शिवदान चारण सहित अनेक उपस्थित रहे।

## महिलाओं को दी स्वच्छता व सीवरेज की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** आरयूईआडीपी की ओर से सीवरेज व ड्रनेज परियोजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में वार्ड नं. 39 में बिसायती धर्मशाला में महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ व काजल सांखला ने बताया कि रतनगढ़ शहर में सीवरेज परियोजना की क्यों आवश्यकता पडी़। इस परियोजना से क्या लाभ होगा, इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू सीवरेज कनेक्शन आरयूआईडीपी की ओर से नि-शुल्क किया जाएगा जिसमें स्नानघर, रसोई व शोचालय को जोड़ा जाएगा। घर वालो को मात्र रसोई व स्नानघर में जाली लगानी होगी। जाली नहीं लगाने से सेंम्पू के पाऊच व अन्य ठोस वस्तु से सीवरेज पाईप लाईन अवरुद्ध हो सकती है। बैठक में बताया कि किसी प्रकार की गन्दगी सड़क पर न फैलाए कच्चरे को कच्चरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में ही डाले। बैठक में महिलाओं को घरेलू सीवरेज कनेक्शन सम्बंधित प्रश्नो का उत्तर देकर शंकाओं का समाधान किया व पेम्पलेट वितरण कर परियोजना सम्बंधित टोल फ्री नम्बर की जानकारी दी गई। कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या आए तो उसी समय सम्बंधित कर्मचारी व टोल फ्री नम्बर पर सूचित कर समस्या का समाधान कराए। महिलाओं को बताया गया कि खास तौर से गर्भवती माता बहनो को गुटखा पान मसाला के सेवन से बचना चाहिए।

## पेंशनर दिवस पर पेंशनरों का किया सम्मान, डी.एस. नकारा को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा-चूरू की ओर से पेंशनर कल्याण केंद्र में राष्ट्रीय पेंशनर दिवस बुधवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में पेंशनरों को सर्वोच्च न्यायालय की ओर से संवैधानिक अधिकार दिलाने वाले स्व. डी. एस. नकारा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और साहित्य, संगीत और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पेंशनरों का शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बिरजू सिंह राठौड़ ने बताया कि आज ही के दिन वर्ष 1982 में सर्वाच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त अधिकारी डी.एस. नकारा बनाम भारत सरकार के मामले में पेंशनरों के हक में फैसला देते हुए कहा था कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन भुगतान करना सरकार का दायित्व है और यह पेंशनरों का संवैधानिक अधिकार है। संरक्षक सोहनलाल फगेड़िया, प्रो. कमल सिंह कोठारी और रामसिंह पूनिया ने भी विचार व्यक्त किये। जिला सचिव पूरणमल सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पेंशनर अशोक पारीक ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जयपुर के गिन्नी देवी ऑर्थो अस्पताल के प्रबंधक टेकचंद सोनी अस्थि रोग की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष तनुराम माहिच, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर, जिला सचिव पूर्णमल सोनी उपस्थित रहे। इस दौरान वृद्धाश्रम के वृद्ध जनों को कम्बल व फल वितरित कर सम्मान किया गया। संचालन उपाध्यक्ष हरिसिंह ने किया।

## कृषि महाविद्यालय के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: सहारण

### राजकीय कृषि महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय कृषि महाविद्यालय के सत्र 2025-26 में प्रथम काउंसलिंग में 55 सीटें आवंटित की गई थी। जिसमें से 53 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। लोहिया महाविद्यालय में बुधवार को प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारम्भ कार्यक्रम विधायक हरलाल सहारण के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सहारण ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कृषि महाविद्यालय के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। महाविद्यालय का भवन लगभग तैयार हो गया है और जल्द ही इसको चारों ओर से सड़क से जोड़ दिया जाएगा। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विधायक कोटे से किताबें खरीदने की घोषणा विधायक सहारण ने की। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अरविन्द शर्मा ने कहा कि कृषि महाविद्यालय ने बहुत तेजी से विकास किया है। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार बुडानिया ने पिछले एक वर्ष के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। प्रो. सुमेर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के भंवरलाल, संदीप सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ट्रेफिक व्यवस्था को लेकर दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर में बाजारों में इन दिनों ट्रेफिक व्यवस्था का बूरा हाल है। पूर्वी बाजार, स्टेशन सड़क मार्ग, गणेश सब्जी मंडी व उत्तरी बाजार में दिन में कई बार जाम लगता है, जिसके कारण राहगीर और वाहन चालक काफी परेशान है। शहर की इस ज्वलंत समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता बादल महर्षि के नेतृत्व में युवाओं ने गुरुवार को एसडीएम मिथिलेश कुमार को ज्ञापन देकर शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने व यातायात सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शहर के प्रमुख बाजारों में कई स्थानों पर अतिक्रमण होने व बेतरतीब ढंग से खड़े होने की वजह से कई बार जाम लगता है तथा स्कूलों की छुट्?टी के समय तो, ट्रेफिक व्यवस्था का बुरा हाल रहता है। वहीं जिला अस्पताल के सामने अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग के चलते मरीजों व उनके परिजनों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर के बाजारों में नाबालिग वाहनों का संचालन करते हैं, जिसके चलते कई बार सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान भी जा चुकी है। बाजारों की सड़कों पर ठेले चालक मनमर्जी से अपने ठेलों को लगाकर यातायात को बाधित कर रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। इन सब समस्याओं का समाधान अविलंब करके शहर के लोगों को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन देने वालों में अरविंद कंदोई, प्रीतम, पंकज, सुमित, रामधन गुर्जर, आकाश, सुशील कुमार, शकील खान, अनिल कुमार सहित काफी लोग शामिल थे। युवाओं द्वारा उक्त ज्ञापन की प्रतिलिपि नगरपालिका प्रशासन को भी प्रेषित की है।

## विद्यार्थियों को यातायात नियमों की शपथ दिलाई

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भागीरथ ट्रैफिक फाउंडेशन की ओर से गुरुवार सनातन धर्म उमावि में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर थानाधिकारी रामनारायण चौयल ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों, यातायात चिह्नों की समझ, सीट बेल्ट तथा हेल्मेट का सही उपयोग, जेब्रा क्रासिंग, यातायात संकेतो, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के बारे में जागरूक किया। प्रधानाचार्य डॉ. विद्या पुरोहित ने बताया कि भागीरथ ट्रैफिक फाउंडेशन की ओर से मंडावा स्थित है श्री सनातन धर्म पंचायत स्कूल में सेमिनार और रैली का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग से शैक्षिक सेवानिवृत्ति लेकर भागीरथ और उनकी पत्नी संगीता सुंदर समाज सेवा के इस काम में जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्कूल के बच्चों को बताया की दो पहिया वाहनों पर केवल दो ही व्यक्ति भ्रमण कर सकते हैं। हेलमेट और सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की अनुपम करना जीवन बचाना है इसीलिए दुर्घटना घटी जहां सावधानी हटी दुर्घटना घटी सावधान सावधानी पूर्वक अपने साधन का उपयोग करना चाहिए। गाड़ी में बेल्ट लगाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर मंडावर थाने से अमर सिंह, शकील अहमद, स्कूल स्टाफ सभी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
19 दिसम्बर, 2025

# अभय सैनी ने हासिल की 83 वीं रैंक

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** यूपीएससी की ओर से आयोजित आईईएस परीक्षा में अभय सैनी ने पहले ही प्रयास में आल इंडिया 83वीं रैंक हासिल की है। अभय ने जनरल में 83 वीं रैंक पाई है। अनुराधा-शांति प्रकाश चौहान के पुत्र अभय ने बताया कि वह इंजीनियरिंग सेवाओं में जाकर देश सेवा करने की मंशा रखता है। वहीं अभय की इस उपलब्धि पर नारायणी देवी, चतरसिंह चौहान, सुमित्रा देवी, डॉ. कन्हैयालाल मारोठिया, डॉ. अजीत मारोठिया, एडवोकेट अविनाश मारोठिया, डॉ. अरविंद मारोठिया, अमन मारोठिया, अजय सैनिक, अर्चना मारोठिया, उप सभापति अमित मारोठिया आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# समस्या समाधान शिविर में मौके पर ही समाधान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 के अन्तर्गत नगरपरिषद हॉल में वार्ड नं. 15 से 21 तक का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 7 पट्टा पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 2, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 5, जीवीपी 1, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 30, जनआधर संशोधन व अद्यतन 17 के प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। शिविर में पार्षद विजय बटेसर, ईदरीश गौरी, पार्षद व पूर्व सभापति बाबुलाल कुलदीप, पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, जावेद, धनराज रिणवा, समाजसेवी संपत पथानिया आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता चारवी व नगर परिषद के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# वन वे रात के नौ बजे तक करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने एडीएम संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपकर रामपुरिया कॉटेज से लेकर घंटाघर तक के वन वे टाईम को रात के नौ बजे तक किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि शाम के समय में राजकीय बगड़िया अस्पताल के बाहर काफी ट्रेफिक जाम की स्थिति रहने के कारण लोगों, मरीजों और उनके परिजनों, वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए वन वे रात्रि के नौ बजे तक किया जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पन्नालाल सोनी, पार्षद पंकज घासोलिया, दीनदयाल पारीक, रविन्द्र पाण्डे आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को किए स्वेटर वितरण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सहनाली बड़ी में इंसानियत एकता सेवा समिति के तत्वावधान में रिटायर्ड थानेदार हाजी जोरावर खान के सौजन्य से 80 विद्यार्थियों को और विद्यालय स्टॉफ सदस्यों मुबारक खान, रामचंद्र मेघवाल, जीतू सिंह चारण, जयप्रकाश एंव सुरेश कुमार की ओर से 57 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गईं। स्वेटर वितरण का यह नेक कार्य अध्यापक मुबारक खान की प्रेरणा से किया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही इंसान अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। और शिक्षा ही एक ऐसी चीज है जिसका कभी बंटवारा नहीं हो सकता। मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने बताया कि इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से पिछले पांच वर्षों से सामाजिक सरोकार में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान विद्यालय स्टॉफ में दुर्गा, बबिता, सरिता, कविता, कृष्णा, सुलोचना और इंसानियत एकता सेवा समिति के व्यवस्थापक जाफर खान आदि मौजूद रहे। संचालन नीरू ने किया। प्रधानाध्यापक रामचंद्र मेघवाल ने समिति का आभार व्यक्त किया।

## पांच वर्ष का कार्यकाल रहा बेमिसाल

# नर सेवा को नारायण सेवा मानकर करवाएं करोड़ों के विकास कार्यः मधुसूदन राजपुरोहित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** प्रदेशभर में पंचायत समिति प्रधानों का कार्यकाल 10 दिसम्बर पूर्ण हो चुका है। पांच वर्षों के कार्यकाल को लेकर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां और प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित सहित भाजपा नेताओं नें प्रेस वार्ता कर अपने पांच वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां और विकास कार्य गिनवाएं। प्रेस वार्ता को वुर्चुअली सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां नें कहा कि पंचायतों में विकास कार्यों के लोकार्पण के वक्त मैं इनके साथ मौजूद रहा। तब मैंने देखा कि प्रधान ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करवाएं है और टिन शेड के क्षेत्र में मधुसूदन राजपुरोहित एक ब्रांड बन गए है। इन्होंने अपने कार्यकाल में सबसे अधिक टिन शेड्स का निर्माण करवाया है। साथ ही रिणवां ने बताया कि मैं पिछले दो दिनों से जयपुर में हूं। लगातार सरदारशहर व रतनगढ़ के जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार से मिलकर उनका समाधान करवाने के लिए प्रयासरत हूं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष और प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि 5 वर्ष पहले क्षेत्र के लोगों ने जो जिम्मेदारी दी थी। उसका ईमानदारी से निर्वहन कर क्षेत्र के विकास और जनहित की समस्याओं के समाधान करने का भरपूर प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ऊर्जावान नेतृत्व में हमारे कार्यकाल में बिना किसी जातीय और राजनितिक भेदभाव के प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकास के अभूतपूर्व कार्य करवाएं गए है। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा की गरीब को गणेश और नरसेवा को नारायण सेवा मानकर क्षेत्र में अनेक विकास कार्य करवाएं। राजपुरोहित ने कहा कि अगर 5 वर्षों में विकास कार्यों में कहीं कोई कसर रहीं है तो हम सदैव प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वरराम डूडी, जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया, पूर्व पंचायत समिति हिरालाल बैनीवाल, भाजपा नेता दशरथसिंह राठौड़, भाजयुमो नगर महामंत्री गुरू धानका ने भी प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रधान के कार्यकाल को शानदार बताया और करवाएं गए विकास कार्यों की प्रशंसा की।

# शिविर में वार्ड के लोगों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण

जयपुर टाइम्स




**राजलदेसर(निस)।** वर्तमान सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वायत शासन विभाग के निर्देश पर आयोजित शहरी समस्या शिविर 2025 के अंतर्गत 16 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले शिविर के सफल संचालन के संबंध में पालिका परिसर में ही अभियान के तहत् गुरूवार को पालिका परिसर में ही पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 11 से 15 के लिए पालिका के कुन्दन देथा अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में शहरी समस्या शिविर 2025 कैम्प का आयोजन किया गया। पालिका में आयोजित कैम्प में वार्ड 11 से 15 के वासियों की समस्याओं का हल किया गया। कृषि भूमि का 01, 69-क का 01 आवेदन, जन्म के 5, मृत्यु प्रमाण पत्र के 03, प्रधानमंत्री आवास योजना के 05 आवेदनो को प्राप्त किया गया।, पेंशन योजना के 10, जन आधार 12 आवेदन, आधार सीडिंग के 15 आवेदन, स्ट्रीट लाईट 10 साफ-सफाई के 3 आवेदनो का निस्तारण किया गया और पी.एम.स्वनिधि के 2, और मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के 2 जन का नाम आवेदन प्राप्त हुए है। इस दौरान पालिका के फायरमैन हुकुम सिंह, फायरमैन अर्जुन सिंह एसबीएम के दिलीप सोलंकी एमआइएस इंजिनियर, वेद प्रकाश, चन्दन सिंह बारी, पायल नाई, महेन्द्र कुमार भार्गव, प्रेमरतन, लोकेश शर्मा, निर्मल, जसवन्त कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, महिपाल इस कैम्प में उपस्थित रहे।

# सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन संपन्न, अतिथियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, श्री बहादुरसिंह भानकंवर आदर्श विद्या मंदिर की ओर से आयोजित सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन बुधवार को बाबू शोभाराम जम्मड़ भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों की ओर से सामूहिक दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों को शॉल एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया। इसके बाद जिला संयोजिका जमना प्रजापत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या जयश्री वर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्याणपुरा ने की। अपने उद्बोधन में माता को संस्कारों की प्रथम गुरु बताते हुए नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो डॉ रजनी मीणा राजस्थान महाविद्यालय जयपुर ने भारतीय परंपरा और मातृशक्ति की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने माताओं के योगदान, पारिवारिक प्रबंधन और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि प्रमिला शर्मा ने नारी विभूतियों का उदाहरण देते हुए माताओं को प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी सत्र में किरण सैनी, विनीता, मंजू जैदिया, मीनाक्षी शर्मा, प्रियंका, विमला, कांता देवी, कविता देवी, किरण देवी, गंगा देवी और नीतू कंवर सहित अनेक माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की बहन गौरी, ज्योत्सना और कृतिका की ओर से प्रस्तुत कविता व बहन एकता प्रजापत की ओर से झांसी की रानी का अभिनय कर सभी को भावविभोर कर दिया। सुशीला चारण ने अनुभव कथन प्रस्तुत किया। समापन पर आचार्या सविता के आभार ज्ञापन और आचार्या पिंकी पारीक की ओर से संकल्प दिलवाने के बाद भारत माता की जयकारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्या राजबाला ने किया।

# नगरपरिषद टीम ने कच्चा बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को लेकर किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी और आयुक्त मगराज डूडी ने बुधवार शाम को नगरपरिषद टीम और पुलिस जाप्ते के साथ शहर के कच्चा बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को मिल रही शिकायतों को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस थाने से कच्चा बस स्टैंड के अंदर तक दुकानदारों और रेहडी वालों की ओर से किए गए अतिक्रमण को 1 दिन में हटाने को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान कुछ लोगों ने नगरपरिषद सभापति और आयुक्त को बताया कि कच्चा बस स्टैंड के अंदर कुछ दुकानदारों और बस संचालकों की ओर से यहां पर रेहडी लगाने वालों से महीने के चार से 5 हजार रुपये तक किराया लिया जाता है। जिसको लेकर सभापति ने गहनता से जांच के आदेश दिए हैं। इस दौरान यह भी सामने आया कि कुछ रेहडी चालकों की ओर से यहां पर रेहडी लगाने के लिए 1 लाख रुपये में जगह तक बेच दी गई है। इस दौरान नगरपरिषद टीम ने एक दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने को लेकर निर्देशित किया और रेहडी वालों को कहा गया कि जिन रेहड़ी वालों को जहां जगह दी गई थी। उस स्थान पर रेहडी लगाए अन्यथा उनको हटा दिया जाएगा। सभी को निर्देशित किया गया कि शुक्रवार को नगर परिषद की ओर से भारी पुलिस जाप्ते के साथ कच्चा बस स्टैंड पर और बाहर हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इस दौरान नगर परिषद टीम की ओर से कच्चा बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय की व्यवस्थाओं को भी जांचा गया। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि 4 साल पहले हमने इस शहर को सुव्यवस्थित बस स्टैंड बना कर दिया था और रेहडी वालों की मांग को देखते हुए उनको भी निर्धारित जगह दी गई थी। लेकिन धीरे-धीरे यहां पर अव्यवस्थाओं का अंबार लग चुका है। वापस व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर सामने आया है कि कुछ लोग रेहडी वालों से किराया वसूल करते हैं और कुछ लोगों ने रेहडी वालों को जमीन तक बेच दी है। ऐसे लोगों के खिलाफ जांच करवाकर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी, सफाई कर्मचारी और पुलिस के जवान साथ में रहे।

# शिविर का एसडीएम ने किया अवलोकन

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गिरदावर सर्किल भीमसर में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भीमसर, मलसीसर, नौरंगसर, लोढ़सर, कोलासर, बोबासर बीदावतान आदि के लोग लाभान्वित हुए। शिविर में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने शिरकत की। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। विकास अधिकारी रवि कुमार ने पंचायत राज की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, लूणाराम मेघवाल, प्रशासक प्रियंका मेघवाल, मुकेश, सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया, ग्राम विकास अधिकारी राजेश मेघवाल, मुकेश, हरीराम, मोहित, रामचंद्र, रिंकू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएसपी ने किया गोपालपुरिया को सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया को उप पुलिस अधीक्षक दरजाराम बोस ने अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। गोपालपुरिया को यह सम्मान शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर प्रदान किया गया है। साथ ही गोपालपुरिया के उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई है।


**कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)**
फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

क्रमांक : 2456 **नीलामी सूचना** Date : 15-12-2025

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्रतिवर्श की भांती इस वर्श भी नगरपालिका रतननगर क्षेत्र में जौहड़ जौहड़ियो में स्थित खैजड़ियो व बबूल की लूग लकड़ी की निलामी आम बोली द्वारा की जायेगी।

अतः ईच्छुक व्यक्ति निम्नांकित स्थान एवं निश्चित तिथी व समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकता है।

| क्र. सं. | नाम खेजड़ी | बोली का स्थान | निलामी दिनांक | समय | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोहड़ा जोहड़ी में स्थित खैजड़ीयो व बबूल की लूग लकड़ी की निलामी | पालिका भवन के आगे | 29.12.2025 से 31.12.2025 तक | 3 PM से 5 PM तक | 500/ |

Raj.Samwad/C/25/16009 अधिशाषी अधिकारी

**निविदा सूचना 11/2025-26**

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यलय द्वारा चूरू जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित ई-मित्र प्लस मशीनों के उपकरणों (System Board, CPU Unit, Hard Disk, Web Camera, LED / LCD / Monitor, Processor, SMPS, Keyboard, Mouse, Power Adaptor ) इत्यादि की रिपेयरिंग / रिप्लेसमेन्ट का कार्य करवाये जाने हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल https//sppp.rajasthan.gov.in/ पर NIB Code ITC2526A0058 Bid Title / (UBN) ITC2526SSOB00057 एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।
**अनुमानित लागत 9.72 लाख रूपये ।**
नोटः- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे ।

DIPR/C/18589/2025

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**
Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/3644 दिनांकः- 12,12,25

**-: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है । बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ABMGRSBY योजनान्तर्गत मरीजों के ईलाज हेतु सर्जिकल शल्य उपकरण व इम्प्लांट क्रय | 1.00 करोड़ | 25-12-2025 | MHS2526GL RC05434 |

DIPR/C/18531/2025
सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुडावडी**
**पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू**

क्रमांक- 193 दिनांक 16-12-25

**नामान्तरण हेतु आपत्ति नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुडावडी में आवेदन श्री/ श्रीमती ताराचन्द जाति जाट निवास गुडावडी द्वारा आवासीय भूखंड का नामांतरण दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है आवेदन अनुसार उसकी मोती / पिता रुकमा देवी, जाति जाट निवासी गुडावडी वार्ड संख्या में एक आवासीय भूखंड है जिसका पट्टा संख्या 20733 दिनांक 26/6/98 ग्राम पंचायत गुडावडी पंचायत समिति सुजानगढ़ द्वारा जारी किया गया है आवासीय भूखंड ताराचन्द उत्तराधिकारी/ पंजीकृत गिफ्ट डीड में दिया गया है जिसका नामान्तरण ग्राम पंचायत द्वारा दर्ज किया जाना है इस नामांतरण के संबंध में यदि किसी को कोई आपति हो तो दिनांक 20/1/26 तक ग्राम पंचायत कार्यालय मे दर्ज करवा देवे । कोई आपति प्राप्त नहीं होने पर नामांतरण दर्ज कर दिया जायेगा ।

प्रशासक
ग्राम पंचायत गुडावड़ी
ग्राम पंचायत सुजानगढ़ (चुरू)

**कार्यालय नगरपालिकामण्डल तारानगर (चूरू) राज.**
Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com
क्रमांक :- न.पा.ता. / 2025-26 / 6033-37 दिनांक :- 15.12.2025

**निविदा सूचना/2025-26/12**

नगरपालिका तारानगर द्वारा राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से निविदा प्रति दिनांक 24.12.2025 समय दोपहर 02.00 बजे तक विक्रय की जाकर सांय 04.00 बजे जमा ली जाकर इसी दिनांक को सांय 05.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी । निविदा शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है। अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में विक्रय/खोली जावेगी । बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/ अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तारानगर को होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।
Amount :- 14.83 Lakh

(अजय प्रताप सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर (चूरू)

**कार्यालय ग्राम पंचायत बालेरा**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः- ग्रा.प.बा/खुर्रा / 2025-26 / 120-137 दिनांक :- 18/12/2025

**निविदा सूचना 05-06/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्यो दो वर्षाकाल की डिफेक्टिव लाईबलिटिज हेतु सम्पादित करने के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों से टेडर प्रक्रिया द्वारा आफलाईन निविदाये आमंत्रित कि जाती है। उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है।

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in or http//SPPP.rajasthan.gov.in NIB NO ZCR2526A1112 -114 UBN No ZCR2526WSOB01892, 93, 95 Download कर देखी जा सकती है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत बालेरा
पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बालेरा
पं. स. बीदासर (चूरू)

शेखावाटी जयपुर टाइम्स
जयपुर, शुक्रवार
19 दिसम्बर, 2025

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मे गुरुवार को श्री हनुमान सेवा समिति सालासर के सौजन्य से विद्यार्थियो को गर्म वस्त्र वितरण किए। प्रधानाचार्य संतोष कुमार आर्य ने बताया कि संतोष पुजारी की पुण्यतिथि पर पुत्र हिमांशु पुजारी ने विद्यालय के बच्चो को गर्म कोट व स्वेटर वितरण की। इस दौरान हनुमान सेवा समिति पूर्व अध्यक्ष यशोदानन्दन पुजारी, पूर्व उपाध्यक्ष सरोज पुजारी, गजानंद शर्मा मनीष पुजारी, बेगाराम ढाका, लक्ष्मीनारायण पुजारी, राजकुमार सैन, सम्पत प्रजापत, मांगीलाल, उमंग मिश्रा, राम्स्वरुप, प्रदीप सहित अनेक उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार ने गत दो वर्ष में किए महत्वपूर्ण कार्य




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा विधानसभा क्षेत्र में सरकार के दो वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को चंदवा, कोदेसर, गांगियासर, निराधनू,ढिलसर में सरकार का रथ पहुंचा। इस अवसर पर पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार खिचड ने गांगियासर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में सरकार ने जनता के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की और सरकार ने जनहित में महत्वपूर्ण क़दम उठाए है। किसानों व मध्यम वर्ग के लिए अनेक योजनाएं चालू की है और युवाओं के लिए अनेक भर्तियां हुईं हैं और जनता तक योजनाओं को पहुंचाया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश दुत, सहसंयोजक सुधीर चौमाल, पूर्व सरपंच सुरेश थाकन, सुरेश बडसर, लुकमान खां,मनोज स्वामी, राधेश्याम प्रजापत, किशनपाल सिंह, स्वरुप सिंह, नरेश बंका, सलेमुददीन, भंवर चौहान, राकेश लाकतिया, धर्मचंद जांगिड़, सवाई खां, रामनारायण महला, हनुमान महला, सुरेन्द्र सोनी, हरनाथ खिंची, रामस्वरूप सैनी, भरत बड़सर, बनवारीलाल जांगिड़, सुनील आदि मौजूद रहे।

## जाजोद ग्राम सेवा सहकारी समिति ने दिया 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा क्लेम



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** जाजोद ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से दुर्घटना में बिडदी चंद बराला की मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी कमला देवी को दुर्घटना बीमा राहत से राहत राशि 10 लाख रुपए का चेक सौंपा गया। जिसमें खंडेला सहायक विकास अधिकारी राम कुंवार, प्रशासक महेंद्र कुड़ी, समिति अध्यक्ष बेगाराम महला, ग्राम विकास अधिकारी पिंकी यादव, समिति व्यवस्थापक सज्जन लाल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जन-जागरूकता रथ पहुंचा बीदासर

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीदासर में गुरुवार जन-जागरूकता मोबाईल रथ यात्रा पहुंची। जहां रथ को उपखण्ड अधिकारी मोहरसिंह मीणा, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप गोदारा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विकास अधिकारी रोमा सहारण,पंचायत समिति सदस्य भागीरथ गोदारा,भाजपा जिला मंत्री अर्चना पुरोहित,जिला प्रवक्ता अमित शर्मा, शिक्षाविद नेमिचंद चोटिया ने संबोधित किया। इस मौके पर पंचायत प्रसार अधिकारी छोटेलाल, ग्राम विकास अधिकारी रामचन्द्र, हल्का पटवारी राजेन्द्र मीणा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष भरतसिंह सरावग, भाजपा मण्डल महामंत्री नरेन्द्र शर्मा चंचल, सुल्तान गोदारा, नेकीराम गोदारा, फुलाराम गोदारा, सुरेश,विकास वाल्मिकी, घीसाराम रायल, सरदार सिंह नरूका सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक मौजूद रहे। मोबाइल रथ से जन जन तक राजस्थान सरकार की योजनाएं बतायें जाने पर सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप गोदारा ने आभार जताया।

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :—न.प.सु / स्टोर षाखा / 2025 / 9473 दिनांक :— 16.12.2025
निविदा सूचना—2025
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मस से निविदा दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक— (DLB2526SSOB27391), (DLB2526SSOB27392) कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद / सी / 25 / 16055

### जिला कलक्टर के निर्देश पर जिला रसद अधिकारी प्रथम की बड़ी कार्रवाई

# ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत अवैध गैस रिफिलिंग कारोबार का किया भंडाफोड़

### जयपुर जिले में हुई दो कार्रवाईयों में कुल 546 गैस सिलेंडर किये गए जब्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला रसद अधिकारी प्रथम ने जयपुर में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत प्राप्त सूचना के आधार पर जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा तत्काल दो विशेष सतर्कता दलों का गठन किया गया। जिला रसद अधिकारी श्री प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में गठित इन सतर्कता दलों द्वारा जयपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध गैस रिफिलिंग के मामलों का पर्दाफाश किया गया। प्रथम सतर्कता दल द्वारा सत्यम रेजिडेंसी के पास, जगतपुरा वार्ड संख्या 68 जयपुर में दबिश दी गई। मौके पर अवैध गैस रिफिलिंग करते हुए कुल 441 कॉमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान हिंदुस्तान पेट्रोलियम अंकित एक ट्रक से भारत पेट्रोलियम के 322 भरे हुए सिलेंडर, एक पिकअप वाहन से 13, एक अल्टो कार से 03, एक कमरे से 10 तथा एक पेड़ के नीचे जमीन पर रखे 93 कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किए गए। मौके पर एचपीसीएल एवं बीपीसीएल दोनों कंपनियों के सिलेंडर पाए गए। इसके अतिरिक्त मौके से 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 03 मोबाइल फोन, 01 भट्टी, 02 रबर पाइप एवं 02 रेगुलेटर जब्त किए गए। द्वितीय सतर्कता दल द्वारा बड़ा रामद्वारा, सांगानेर जयपुर में दबिश दी गई। यहां से 21 घरेलू एवं 84 कॉमर्शियल गैस सिलेंडर, कुल 105 सिलेंडर जब्त किए गए। साथ ही अवैध रिफिलिंग में प्रयुक्त सामग्री 05 रेगुलेटर, 02 रबर पाइप, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 01 भट्टी, 02 रिफिलिंग बॉसूरी तथा सांगानेर गैस एजेंसी के बिल वाउचर भी जब्त किए गए। इस प्रकरण में 01 व्यक्ति को मौके से पकड़ा गया। दोनों कार्रवाइयों के दौरान कुल 546 घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस सिलेंडर, 01 पिकअप वाहन, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 02 रिफिलिंग बॉसूरी, 07 रेगुलेटर, 02 भट्टी एवं 04 रबर पाइप जब्त किए गए। साथ ही मौके से कुल 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिला रसद अधिकारी श्री प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि अवैध गैस रिफिलिंग न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि जनसुरक्षा के लिए भी अत्यंत घातक है। इस प्रकार की गतिविधियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## क्षेत्रवासियों का आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी हैः महर्षि

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय प्रहलाद राय सारस्वत की बगीची में गिगराज घिन्दड़ चौक कमेटी की ओर से पूर्व विधायक महर्षि का स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान महर्षि की ओर से घिन्दड़ चौक की ओर से जन्मदिवस को लेकर बनाएं गए पोस्टर का विमोचन भी किया। स्वागत कार्यक्रम से पूर्व महर्षि ने प्रहलाद राय सारस्वत की समाधि पर माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महर्षि ने कहा इस पावन तपोभूमि में आकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर रहा हूँ, यहां से जो सकारात्मक ऊर्जा मिल रही है वो मुझे ओर अधिक सेवा कार्य करने को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि आप लोगो का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है आपलोगो के बिच आकर मुझे परिवारभाव का अनुभव हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन अमर माली ने किया। इस अवसर पर भाजपा शहर मण्डल उपाध्यक्ष संजय सारस्वत,निरंजन देव रूंथला, किशनलाल सैनी, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, ललित आत्रे, प्रमोद स्वामी, अजय सारस्वत, अतुल चौमाल, दिनेश रोयल, भगवती प्रसाद चोटिया, मधुसूदन माटोलिया, नागेंद्र शर्मा, डूंगरमल सोनी, परमेश्वर आत्रे, लोकेश पारीक, योगेश हरितवाल, प्रदीप सिंह बारी, भीमराज प्रजापत, विकाश सारस्वत, विशाल स्वामी, प्रदीप सैनी, महेश सेवदा, लोकेश महर्षि सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## वाहिदपुरा में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा में गुरुवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया ब्लॉक स्तर पर वातावरण निर्माण के लिए साक्षरता की गतिविधियों के अंतर्गत कठपुतली नृत्य के माध्यम से समाज की कुरीतियों यथा नशा मुक्ति, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ, जल ही जीवन है, आदि पर प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन कुमार सीबीईओ मंडावा, विशिष्ट अतिथि मूल सिंह शेखावत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर साक्षरता व अध्यक्ष सुमन कुमारी प्रधानाचार्य व उपाध्यक्ष नीलम कुमारी उप प्रधानाचार्य व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे मंच संचालन नरेश कुमार, स्काउट- यूनिट लीडर ने किया इस कार्यक्रम में पीईईओ अधीनस्थ शिशु विद्या मंदिर व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लूमास के विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पीतराम गोदारा पूर्व प्रधानाचार्य ने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत इतना ही लो थाली में व्यर्थ न जाए नाली में विषय पर व्याख्यान देकर सभी को प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर पर ब्लॉक मंडावा का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय विद्यालय के आठ स्काउट वह छः गाइड जिन्होंने 13 से 17 दिसंबर तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्लॉक मंडावा का कद बढ़ाया। जिसमें स्काउट अनिल, निशांत, आरव वर्मा, विशाल, तनुज, उत्तम, सुशील व गौरव तथा गाइड अनुष्का, पल्लवी, रिया, मनीषा, प्रतीक्षा व रौनक मीणा के साथ स्काउट यूनिट लीडर नरेश कुमार व गाइड यूनिट लीडर वर्षा जांगिड़ का सम्मान किया गया। पीईईओ सुमन कुमारी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## सौभाग्य से मिलता है सेवा का सुअवसरः अजितसरिया

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** अभावग्रस्त दीन - हीनों की सेवा का सुअवसर सौभाग्य से ही मिलता है, ऐसे जरूरतमंदों की सेवार्थ आवश्यक सुविधाएं सुलभ करवाने के लिए हमारा परिवार सदैव तत्पर है। ये विचार समाजसेवी सुमित अजितसरिया ने बुधवार शाम अपना घर आश्रम में प्रभुजनों के लिए मेथी के लड्डू उपलब्ध करवाते हुए व्यक्त किए। अपना घर आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विजय प्रकाश गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आश्रम की गतिविधियों की जानकारी दी। देवकिशन सोनी स्मृति सेवा समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि दिनेश अजितसरिया की स्मृति में मेथी के पचास किलो लड्डू आश्रम समिति की देख रेख में बनवाए गए हैं जो आगामी एक सप्ताह तक प्रभुजनों के आहार में शामिल किए जाएंगे। इस अवसर पर आश्रम समिति की ओर से डॉ गोपाल दत्त शर्मा, नरेंद्र झंवर, प्रताप बोथरा, महावीर रामगढ़िया आदि ने अतिथियों का साफा और दुपट्टे पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में देवेंद्र यादव, सीताराम शर्मा, राधेश्याम पारीक, अनूप जोशी, निशांत अजितसरिया, हेमंत रूंथला, सचिन शर्मा, अद्विक अजितसरिया मौजूद रहे।

## जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा ने किया शिविर का अवलोकन

जयपुर टाइम्स




**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में रोवर रेंजर निपुण प्रशिक्षण शिविर एस.एन.गर्ल्स बी एड कॉलेज नवलगढ़ में 17 दिसम्बर से चल रहा है।शिविर के दूसरे दिन में स्काउट गाइड के जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा ने शिविर का अवलोकन किया और संभागियों को इस प्रशिक्षण की उपयोगिता की जानकारी दी। साथ में आए रेलवे वाणिज्य कर अधिकारी व रेलवे स्काउट ट्रेनर ओमप्रकाश आर्य ने रोवर रेंजर्स को स्काउट कोटे से रेलवे के अधिकारी बनने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड कोटे से केवल स्काउट गाइड प्रशिक्षित ही आवेदन कर सकता है। अन्य नहीं इन्होंने सेल्यूट व बांया हाथ मिलाने संबंधी प्रशिक्षण भी दिया। पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार ने संभागियो को स्काउट गाइड के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी योग्यता वृध्दि करने व उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। लीडर ट्रेनर प्रहलाद राय जांगिड ने स्काउटिंग का इतिहास विषय पर प्रशिक्षण दिया। शिविर अवलोकन करने आए जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा, रेलवे वाणिज्य कर अधिकारी ओम प्रकाश आर्य पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार, लीडर ट्रेनर प्रहलाद राय जांगिड़ का संस्था प्रधान डाक्टर संतोष पिलानिया ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिविर संचालक रोवर लीडर अंकित सांखनीया ,लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया, शिविर प्रभारी बीना रानी चंदेल, महेश कुमार मार्शल, महेंद्र कुमार सैनी ने पायनियरिंग विषय व पौषाक के आवश्यक अंग के कुछ बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर संस्थान के डाक्टर माया सांखला, पूजा सैनी, मीना सैनी, कमलेश कुमार, संदीप सैनी सहित अन्य उपस्थित हुए।

## एसआइआर में लक्ष्मणगढ़ का कार्य पूर्ण, बीएलओ का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** एसआइआर कार्य में जिले में विधानसभा के टॉप रहने पर बुधवार को अधिकारियों व कर्मचारियों ने जश्न मनाया।उपखंड अधिकारी मोहर सिंह व तहसीलदार फारूक अली के आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ बीएलओ अरविंद शर्मा, रवि मुद्गल व नरेन्द्र पुजारी सहित कुल 15 बीएलओ के साथ-साथ श्रेष्ठ. सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सहायिका सहित अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने एसआइआर कार्य के लिए हर स्तर पर सहयोग करने वाले बीएलओ व कर्मचारियों का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने सामूहिक भोज का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में नगरपालिका ईओ नवनीत कुमावत, नायब-तहसीलदार बाबूलाल जाट, नेछवा तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर, एवीवीएनएल के अधिशासी अभियंता हरिराम मूंड सहित समस्त बीएलओ, सुपरवाइजर व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## जाजोद में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 25 को

जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद की राउमावि में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को आयोजित होगा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जाजोद की राउमावि के खेल ग्राउंड में आयोजित होगा। पूर्व सरपंच रघुनाथ प्रसाद महला ने बताया कि एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 11 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 5 हजार रुपए की राशि वितरित की जाएगी। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जाजोद ग्राम पंचायत के प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के जन सहयोग से होगा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे से शुरू होगी।

### नीट यूजी काउंसलिंग का अंतिम शेड्यूल जारी

# एमबीबीएस एडमिशन का होगा अंतिम मौका

### बीडीएस व बीएससी नर्सिंग की दो चरणों में होगी काउंसलिंग

### एमबीबीएस की कुल 67 खाली सीटों पर होगी काउंसलिंग

जयपुर टाइम्स



मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने नीट यूजी काउंसलिंग 2025 स्पेशल स्ट्रे राउंड का शेड्यूल जारी कर दिया है यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज के डायरेक्टर और काउंसलर बी एल मील ने बताया कि मेडिकल काउंसलिंग कमेटी द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार स्पेशल स्ट्रे राउन्ड की प्रक्रिया दो चरणों में चलेगी 7 एमबीबीएस में एडमिशन के लिए स्पेशल स्ट्रे राउंड अर्थात पांचवा चरण अंतिम चरण होगा जिसका रजिस्ट्रेशन और पेमेंट 20 दिसंबर क्रमशः प्रातः 10 बजे एवं शाम 6 बजे तक रहेगा और चॉइस फिलिंग 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे तक रहेगी जबकि बीडीएस और बीएससी नर्सिंग के लिए 1 जनवरी से छठा चरण भी शुरू होगा जिसका रजिस्ट्रेशन 1 जनवरी से 2 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे तक रहेगा एम चॉइस फिलिंग 2 जनवरी को दोपहर 1बजे तक रहेगी स्पेशल स्ट्रे में 5 वें राउंड का रिजल्ट 23 दिसंबर को आ जाएगा तथा कॉलेज में रिपोर्टिंग 24 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच रहेगी छठा राउंड जो बीडीएस और बीएससी नर्सिंग के लिए ही होगा का रिजल्ट 3 जनवरी को आएगा एवं 4 जनवरी से 10 जनवरी के बीच कॉलेज ज्वाइन करना अनिवार्य होगा दोनों स्पेशल राउंड में ही कॉलेज अलॉट होने के बाद अपग्रेड का विकल्प उपलब्ध नहीं रहेगा तथा कॉलेज लेना भी अनिवार्य होगा अगर कॉलेज ज्वाइन नहीं करते हैं तो सिक्योरिटी राशि जप्त करके काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर कर देंगे इन दोनों राउंड में वही विद्यार्थी भाग ले सकता है जिसको अभी तक कोई कॉलेज अलॉट नहीं हुआ हो मेडिकल काउंसलिंग कमिटी द्वारा जारी सीट मैट्रिक्स के अनुसार एमबीबीएस की कुल 6 सीटें खाली हैं जिसमें दो सीटें जम्मू कश्मीर एवं गोरखपुर एम्स में रिक्त है तथा अन्य सरकारी कॉलेज में कुल 22 सीटें खाली है रिक्त सीटों में 9 सीट जनरल,चार अन्य पिछड़ा वर्ग, 3 ईडब्ल्यूएस, 5 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है इसी प्रकार 39 सीट डीम्ड यूनिवर्सिटी में खाली है तथा 5 सीट एनआरआई स्टूडेंट के लिए भी रिक्त है जिन विद्यार्थियों को अभी तक किसी भी राउंड में कोई सेट अलॉट नहीं हो पाई है उन विद्यार्थियों के लिए यह अंतिम सुनहरा मौका होगा जहां सरकारी एवं प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने का अवसर मिलेगा ।